- खगड़िया संस्करण
- वर्ष: 5
- अंक: 159
- मूल्य ₹ 2.00
- पृष्ठ 06
- Reg: UDYAM-BR-17-0007168

दैनिक
# बिहार पत्रिका
सच के साथ

पटना। मंगलवार, 29 अक्टूबर 2024 | web_dainikbiharpatrika.com | Email_dainikbiharpatrika@gmail.com


## मोतिहारी के लोगों ने वी-बाज़ार के नये खुले स्टोर का जोरदार स्वागत किया

दैनिक बिहार पत्रिका




- वैल्यू सेगमेंट में सबसे तेजी से बढ़ते फैशन रिटेलर में से एक
- नया स्टोर विशेष ऑफर के साथ खरीदारी को और भी मज़ेदार बनाता है
- त्यौहार के अवसर पर लकी ड्रा मे एक बाइक या एक कार जीतने का मौका
- यह नया स्टोर मोतिहारी मे दूसरा और बिहार मे पच्चीसवां है

मोतिहारी: वैल्यू फैशन सेगमेंट में पसंदीदा शॉपिंग डेस्टिनेशन "वी-बाज़ार" ने मोतिहारी में अपने नए स्टोर के लॉन्च की घोषणा की। "वी-बाज़ार" एक संपूर्ण पारिवारिक फैशन स्टोर है जो निर्माताओं और ग्राहकों के बीच बिचौलियों को खत्म करके हर वर्ग के लोगों के लिए उचित मूल्य पर ट्रेंडी और फैशनेबल सामान लाता है। नया स्टोर हस्पताल रोड, महिला थाना के सामने, मोतिहारी, बिहार में स्थित है। यह स्टोर 8300 वर्गफीट में फैला हुआ है। लॉन्च की घोषणा करते हुए, "वी-बाज़ार" के सीएमडी श्री हेमंत अग्रवाल ने कहा, " मोतिहारी, बिहार में अपना दूसरा स्टोर खोलना हमारे लिए बहुत खुशी और गर्व का क्षण है। हमारा प्रयास अपने ग्राहकों को बेहतर माल, सेवा और समग्र अंतरराष्ट्रीय खरीदारी अनुभव प्रदान करना है। मोतिहारी में यह नया स्टोर हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एक विशेष लॉन्च ऑफर के रूप में, हम अपने ग्राहकों को हर खरीदारी पर मुफ्त उपहार प्रदान कर रहे हैं। हमारा नया स्टोर फैशनेबल और व्यक्तिगत है, जो अविश्वसनीय रूप से जेब के अनुकूल कीमतों पर बेहतरीन गुणवत्ता वाले माल का संग्रह प्रदर्शित करता है। नया शोरूम विशाल इंटीरियर के साथ बड़े क्षेत्र में फैला हुआ है। नया स्टोर युवाओं के लिए एक जीवंत ट्रेंडी लाइन पेश करता है जिसमें शर्ट, टी-शर्ट, पैंट, जींस, ट्रैक सूट, शेरवानी, कुर्ता पायजामा, पुरुषों के लिए सूट और फैंसी टॉप, कुर्ती, जींस, शादी की साड़ी, शादी के डिजाइनर सूट, लेगिंग शामिल हैं।, पजामा, महिलाओं के लिए हरम पैंट। आपके नन्हें बच्चों के लिए भी यहां पोशाकों की विशाल विविधता मौजूद है। यह रेंजफंकी, स्टाइलिश और अविश्वसनीय रूप से आरामदायक परिधान पेश करती है जो हर किशोर और युवा वयस्क की अलमारी में जरूरी हैं। मौजूदा अंतरराष्ट्रीय रुझानों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया यह कलेक्शन ट्रेंडी, फैशनेबल है और अविश्वसनीय रूप से कम कीमत पर उपलब्ध है। ग्राहक "वी-बाज़ार" पर लॉन्च ऑफर के साथ अपनी खरीदारी को मज़ेदार बना सकते हैं।

प्रत्येक खरीदारी पर आप सुनिश्चित उपहार प्राप्त कर सकते हैं।

1900 रुपए की शॉपिंग पर एक दुफ्फ्ले बैग या 20 पीस डिनर सेट या इलेक्ट्रिक कैटल जो कि बाजार मे 1999 कि उपलब्ध है|

सिर्फ 199 रुपए अतिरिक्त दे के मिलेगा।

इस के अलावा त्यौहार के मौके पर और भी बहुत सारे लुभावने ऑफर्स हैं।

## ओमरॉन हेल्थकेयर इंडिया रेस्पिरेटरी सिस्टम को स्वस्थ रखने के लिए लोगों को कर रहा जागरूक

दैनिक बिहार पत्रिका



पटना: त्यौहारों के मौसम के साथ ही सर्दियों का आगमन भी शुरू हो चुका है और धुंध, पार्टिकुलेट मैटर में वृद्धि और तापमान में गिरावट की वजह से संक्रमण बढ़ने का सबसे ज्यादा खतरा रहता है। इन कारणों से अक्सर रेस्पिरेटरी सिस्टम में कई समस्याएं आ जाती है। इन समस्यों से बचने के लिए लोगों को अपने स्वास्थ्य की रक्षा के लिए सही उपाय का उपयोग करना जरुरी हो जाता है। इन बातों को ध्यान में रखते हुए ओमरॉन हेल्थकेयर इंडिया रेस्पिरेटरी सिस्टम को स्वस्थ रखने के लिए लोगों को जागरुक कर रहा है।

त्यौहारी मौसम में ऐसे उत्सव मनाए जाते हैं जो वायु प्रदूषण को बढ़ाते हैं। इससे अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) जैसी रेस्पिरेटरी संबंधित परेशानिया बढ़ जाती हैं। त्यौहारी प्रभाव के साथ-साथ, कुछ अध्ययनों जैसे कि सीजनल वेब्स ऑफ़ रेस्पिरेटरी डिसऑर्डर्स (SWORD) स्टडी 2022 ने महत्वपूर्ण मौसमी रुझान दिखाए हैं। अध्ययन से पता चलता है कि अस्थमा के मामले गर्मियों में 26.5% से ठंड में बढ़कर 31.4% हो जाते हैं, जबकि सीओपीडी के मामले गर्मियों में 8.1% से बढ़कर सर्दियों में 21.1% हो जाते हैं। इसके अलावा, रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन्स (आरटीआई) और तपेदिक भी महत्वपूर्ण मौसमी रुझान दिखाते हैं, आरटीआई गर्मियों में 4.3% से बढ़कर सर्दियों में 13.3% हो जाते हैं, और तपेदिक के मामले गर्मियों में 4.1% से बढ़कर ठंड में 12.5% हो जाते हैं। बिहार राज्य स्वास्थ्य सोसायटी के आंकड़ों केअनुसार, बिहार में एक्यूट रेस्पिरेटरी इलनेस (एआरआई) के मामले 2009 में 2 लाख से बढ़कर 2018 में लगभग 11 लाख हो गए हैं, लेकिन बीच में इसमें गिरावट आई है। लगातार बदलते मौसम और तापमान में उतार-चढ़ाव के साथ, इस क्षेत्र में फ्लू, श्वसन पथ के संक्रमण, अस्थमा, स्ट्रोक और त्वचा संबंधी समस्याओं सहित विभिन्न बीमारियों में तेजी देखी जा रही है।

ओमरॉन हेल्थकेयर इंडिया के प्रबंध निदेशक तेत्सुया यामाडा कहते हैं, "गंभीर वायु प्रदूषण और अन्य कारकों के कारण, लगभग 70 मिलियन लोग श्वसन रोगों से पीड़ित हैं। विशेष रूप से चिंताजनक बात अस्थमा से संबंधित मौतों का चलन है, जो केवल भारत में ही बढ़ रहा है। 1990 में अस्थमा से मरने वालों की संख्या लगभग 120,000 थी, लेकिन अब यह 200,000 से अधिक हो गई है।"

## दिव्यांगों की स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर का आयोजन

संवाददाता/समस्तीपुर



विद्यापतिनगर। प्रखंड परिसर में बुनियाद केन्द्र की ओर से कैम्प लगाकर गरीब व बीपीएल धारियों सहित अन्य लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। कैम्प में विशेष इलाज के लिए बुनियाद संजीवनी वाहन के साथ चिकित्सक मौजूद रहे । इस वाहन में मरीजों को जांच के लिए सभी संसाधन है। कैम्प में शामिल डॉ. सोनू कुमार, नरेश कांति एवं गोपाल कुमार ने कुल 242 मरीजों को देखा गया। चिकित्सक एक दिवसीय शिविर के माध्यम से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच कर आगे इलाज के लिए सुझाव दिए। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित बुनियाद केंद्र के चिकित्सक द्वारा शिविर लगाकर जांच किया जा रहा है। सेवा रथ पर मौजूद डॉ. सोनू कुमार जो भौतिक चिकित्सक है। उन्होंने बताया कि शिविर में मुख्य रूप से वृद्धजनों, दिव्यांग जनों और विधवाओं की सामाजिक सुरक्षा ,सेवा एवं सामाजिक देखभाल का काम किया जाता है। डॉ. सोनू ने बताया कि यह कार्यक्रम बिहार सरकार, समाज कल्याण विभाग से किया जा रहा है। मौके पर कृतिम अंग विशेषज्ञ नरेश कांति ने बताया कि जांचोपरांत इन्हें सुझाव दिया जाता है। आधार कार्ड के माध्यम से मरीजों का रजिस्ट्रेशन के बाद उपचार किया जाता है। साहिट के मुखिया प्रतिनिधि लालबाबू सिंह ने बताया कि बिहार सरकार की यह एक अच्छी पहल है मरीज को घर तक पहुंचकर सेवा प्रदान किया जा रहा है। पहले दिन मरीजों की भारी भीड़ देखी गई। शिविर में आवश्यक कानूनी एवं अन्य प्रकार का परामर्श फिजियोथिरेपी के सिलसिले में दी जाती है। इसके अलावा वाक व श्रवण संबंधी जांच और आंखों की जांच भी की जाती है। डॉ. गोपाल कुमार ने बताया कि जिला में बुनियाद केंद्र की स्थापना की गई है। जहां नि:शुल्क सेवा प्रदान की जाती है।

## ट्रेन में महिला का सुरक्षित प्रसव कराया गया

दैनिक बिहार पत्रिका, प्रतिनिधि

वैशाली|27-10-24 को रात्रि 10:00 बजे रेलवे स्टेशन भगवानपुर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर में नवीन कुमार बीसीएम के दूरभाष पर सूचित किया गया कि ट्रेन के एक कोच में एक महिला उम्र लगभग 25 वर्ष जो मुजफ्फरपुर की रहने वाली है प्रसव पीड़ा से ग्रस्त है और इनका प्रसव कराना है। बिना देरी किए रीना कुमारी जीएनएम एवं संजू कुमारी जीएनएम को उक्त महिला का प्रसव कराने हेतु स्टेशन पर भेजा गया। उक्त दोनों जीएनएम ने कोच में ही महिला का प्रसव कराया और बच्चे का टीकाकरण भी किया।



ट्रेन में महिला को प्रसव कराते जीएनएम

जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। इस दौरान ट्रेन रुकी रही। सुरक्षित प्रसव के उपरांत रेलवे अधिकारी एवं कर्मी स्वास्थ्य विभाग को धन्यवाद दिए। जिलाधिकारी यशपाल मीणा ने भी सुरक्षित प्रसव कराने के लिए उक्त दोनों जी एन एम और स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बधाई दी है।

## माकपा नेता का निधन, परिजनों में शोक

संवाददाता /समस्तीपुर ,विद्यापतिनगर। भारत की कम्युनिस्टपार्टी मार्क्सवादी नेता एवं पूर्व जिला कमेटी सदस्य 75 वर्षीय कामरेड रामाज्ञा साह का दिल का दौरा पड़ने से अपने पैतृक गांव मऊ में निधन हो गया। उन्होंने अपनी पुरी ज़िन्दगी गरीब मजदूर, किसान, शोषित, पीड़ित आदि के सवाल पर संघर्ष किया। इनका अन्तिम विदाई के लिए दलसिंहसराय -विधापतीनगर के एल. सी. सचिव कामरेड विधानचंद, राज्य कमेटी सदस्य कामरेड निलम देवी , रंजीत कुमार राय, रामजतन महतो,का. चन्द्रकेतु अन्य साथी पार्टी का लाल झंडा देकर अंतिम विदाई दी।

## शांति समिति की बैठक की गयी आयोजित

दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन

बांका:- दीपावली, काली पूजा, छठ पूजा को लेकर जिला पदाधिकारी, बांका अंशुल कुमार के निर्देश पर बांका जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों में शांति समिति की बैठक आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में बाँका एवं कटोरियां थाना परिसर में संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अंचल अधिकारी, बांका तथा जनप्रतिनिधियों, गणमान्य आदि उपस्थित हुए।

## ऑनलाइन हाजरी शिक्षकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का माध्यम - समरेंद्र

### रविवार को उर्दू विद्यालयों के शिक्षकों की हाजरी नही हो सकी दर्ज

दैनिक बिहार पत्रिका ,प्रतिनिधि

छपरा। बिहार शिक्षा विभाग के निर्देश पर सभी सरकारी स्कूलों में ई-शिक्षा कोष मोबाइल ऐप से शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज हो रही है। बीते जून महीने के अंतिम सप्ताह से ही इसका ट्रायल शुरू हो गया था लेकिन अब भी शिक्षकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष समरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि ई-शिक्षा कोष सर्वर और एप में ज्यादातर समस्याएं तकनीकी खराबी, लोकेशन, सर्वर की समस्या और एप स्लो होने की आ रही हैं। समय पर विद्यालय पहुंचने के बाद भी ऑनलाइन उपस्थिति देर से दर्ज होती है |कई बार मोबाइल ऑन-ऑफ करने के बाद एप काम करना शुरु करता है, तब तक देर हो जाती है जिसकारण शिक्षक काफी परेशान हैं। त्रुटिपूर्ण ई-शिक्षा कोष एप के कारण उर्दू माध्यम में संचालित राज्य के प्रारंभिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक रविवार को ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं कर सके। दरअसल उर्दू मध्य विद्यालयों में शुक्रवार को सप्ताहांत अवकाश रहती है। रविवार को उर्दू माध्यम विद्यालयों में पठन-पाठन संचालित रहती है। ई-शिक्षा कोष एप में रविवार को पहले से ही स्वत: से सप्ताहांत अवकाश दर्ज है जिसके कारण रविवार को उर्दू माध्यम विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं हो सकी |शिक्षक नेता ने कहा कि ई शिक्षा कोष ऑनलाइन हाजरी दर्ज करने के बजाय शिक्षको को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का माध्यम बन गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस त्रुटिपूर्ण ई-शिक्षा कोष एप को अविलंब बंद करने की मांग की।

## दीपावली, काली पूजा और छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



कटिहार प्रतिनिधि

बरारी |सेमापुर थाना परिसर में दीपावली काली पूजा और छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता हरि प्रसाद यादव ने किया। इस बैठक में अंचल पदाधिकारी मनीष कुमार एवं कई जनप्रतिनिधि भी उपस्थित हुए बैठक के दौरान सभी पूजा कमेटी के लोगों से काली पूजा विसर्जन के बारे में जानकारी लिया गया। जहां मूर्ति स्थापित करने वाली पूजा कमेटी को हर हाल में लाइसेंस लेने की बात कहीं। वही अंचल पदाधिकारी मनीष कुमार ने कहा एवं विसर्जन के रूट एवं घाट की जानकारी देने की बात कही। खतरनाक घाट पर गोताखोरों की नियुक्ति की जाएगी मेले के दौरान शरारती तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी एवं डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा । मौके पर बकरुद्दीन अंसारी, शांति जायसवाल, शीला देवी, जोहेर आलम, बालकृष्ण पटेल,धनंजय सिंह, गयाराम,पप्पू यादव,अखिलेश कु. साह,अभिषेक कुमार सिंह आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।




# काली पूजा दिवाली एवं छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

दैनिक बिहार पत्रिका/उमाकांत साह




चांदन/बांका:- थाना परिसर में सोमवार 28 अक्टूबर को काली पूजा,दिवाली और छठ पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित कि गई| शांति समिति बैठक चांदन थाना अध्यक्ष विष्णु देव कुमार के नेतृत्व अवर निरीक्षक रविंद्र कुमार,चांदन बीडीयो अजेश कुमार, सिओ रविकांत कुमार कि अध्यक्षता में संपन्न कि गई| शांति समिति बैठक चांदन पंचायत सहित विभिन्न क्षेत्रों के पूजा समितियों के सदस्य व स्थानीय दोनों समुदाय की प्रबुद्ध लोगों ने अपनी-अपनी उपस्थिति दर्ज कराई| इस मौके पर चांदन बीडीयो अजेश,सिओ रविकांत कुमार ने सबों से शांतिपूर्ण व सौहार्द पूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील किए| वहीं थाना के अवर निरीक्षक रविंद्र कुमार ने काली पूजा समितियों के अध्यक्षों को अनिवार्य रूप से थाने को लिखित सूचना देने की बात कही|मूर्ति विसर्जन के दौरान व पुजा पंडालों में डीजे पर अश्लील गाना पर पूर्ण पाबंदी की हिदायत दी गई| जबकि दुकानदारों को बगैर लाइसेंस लिए पटाखे बिक्री करने वालों पर दंडात्मक कार्यवाही की भी बात कही गई| उन्होंने स्पष्ट रूप से विधि व्यवस्था को बनाए रखने में प्रशासन की मदद करने को कहा|किसी भी प्रकार के अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध तुरंत पुलिस को सूचना देने की बात कही गई|तो वहीं दीपावली के बाद क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों पर छठ व्रतियों के लिए सुविधा जनक व्यवस्था करने का अपील किया, तथा छठ पर्व के दौरान भगवान सूर्य का उपासना में भारी भीड़ को नियंत्रण और उनकी सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन कि पूर्ण तैनाती रहने कि बात कही|सुरक्षा से संबंधित बातों को लेकर उपस्थित गणमान्यों से प्रशासन ने आवश्यकता अनुसार बात रखी और चिन्हित छठ घाटों पर दंडाधिकारी सहित पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल की तैनाती देने की बात बताई| मौके पर पीडीएस दुकानदार सह पांडेयडीह गांव अवस्थित काली पूजा समिति के अध्यक्ष विनोद पांडेय,चांदन पंचायत के सरपंच राकेश कुमार बच्चू, कोरिया सरपंच प्रताप यादव, समाजसेवी गोविंद दास, मुखिया नरेश पंडित,आषुतोष कृपा मूर्ति,चतुर्भुज यादव ,मनोज कुमार दास, उप मुखिया रिंकू राय, राजेश मेहता, माशूक आलम अंसारी, गरीब नवाज कमेटी के शेख रुखसान, वीरेंद्र कुमार दास,दिलीप कुमार यादव,सहित पूजा समिति के सदस्य ,स्थानीय लोग मौजूद थे|

# दो ट्रकों की हुई जोरदार टक्कर, बाल-बाल बचे दोनों चालक और खलासी

दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन



बौंसी/बांका:- बौंसी प्रखंड अंतर्गत महाराणा बांध समीप दो ट्रकों की जोरदार टक्कर सोमवार की सुबह हो गयी| टक्कर इतनी जोरदार थी की ट्रैक के सामने का हिस्से के बुरी तरह से छतिग्रस्त हो गया| हालाँकि दोनों ट्रक के चालक और खलासी बाल-बाल बच गए| एक ट्रक चालक सुबोध कुमार के द्वारा बताया गया की वह पकुडिया से गिट्टी लोडकर बेगुसराय जा रहा था| इसी क्रम में महाराणा बांध समीप भागलपुर की तरफ आ रहे एक दुसरे ट्रक चालक ने जोरदार टक्कर मर दी| जिससे उसका ट्रक बुरी तरह से छतिग्रस्त हो गया| बताया गया की दुसरे ट्रक में चुड़ा लोड था|ट्रक पर सवार खलाशी बिट्टू कुमार भी बाल बाल बच गया| घटना की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जाँच पड़ताल प्रारंभ किया|

# परमेश्वर लाल खेमका सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनाया गया दीपोत्सव कार्यक्रम





दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन

बौंसी/बांका:- परमेश्वर लाल खेमका सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बौंसी में दीपोत्सव कार्यक्रम मनाया गया| कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय प्रबंधकारिनी समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष रामानंद चौधरी, उपाध्यक्ष जलधर हरिजन, सदस्या रेखा कुमारी, सुनीता कुमारी तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य झुन्नू तिवारी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया| भैया-बहनों के द्वारा समस्त विद्यालय परिसर को दीप जलाकर सजाया गया| विद्यालय के भैया-बहन,आचार्य बन्धु-भगिनी, कर्मचारियों के द्वारा भारत माता की आरती की गई|

विभिन्न प्रकार की रंगोली बनाकर भी दीप प्रज्वलित किया गया| कार्यक्रम प्रमुख सुनीता कुमारी के द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया|

# एम आशा पोर्टल ऐप का दिया गया प्रशिक्षण



दैनिक बिहार पत्रिका/उमाकांत साह

चांदन/बांका| सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदन परिसर में सोमवार 28 अक्टूबर को प्रभारी चिकित्सा आशीष कुमार के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता एवं आशा फैसिलिटेटर के साथ आशा दिवस के तहत एम आशा पोर्टल का प्रशिक्षण दिया गया| एम आशा प्रशिक्षण के तहत बीसीएम संजय कुमार, बीएम पंकज झा ने एम आशा पोर्टल के बारे में विस्तृत रूप में जानकारी दिए, बताया गया कि एम आशा पोर्टल के तहत संबंधित क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता अपनी-अपनी दैनिक कार्य सहित पारिवारिक सूची अपलोड करना है| बता दें कि डिटेल हेल्थ मिशन के तहत आशा कार्यकर्ताओं को स्मार्ट बनने का काम शुरू किया जा रहा है जिसमें आशा,व फैसिलिटेटर को एम आशा ऐप के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दिए, बताया गया कि आशा कार्यकर्ता अब एम आशा ऐप के माध्यम से बीमारी समेत अन्य सुविधाओं को सीधे पोर्टल पर अपलोड करेगी| एम आशा एप से आशा गांव में होने वाली जन्म मृत्यु प्रसव फाइलेरिया मलेरिया, बुखार डायरिया समेत सभी प्रकार की बीमारी समेत अनेक गतिविधियों की जानकारी देगी गांव-गांव के सर्वे के बाद आशा डाटा अपलोड करेंगे, जिससे आशा कार्यकर्ताओं को रजिस्टर में लिखने पढ़ने की परेशानी से मुक्ति मिलेगी| मौके पर डॉक्टर शशिकांत बीसीएम संजय कुमार व प्रखंड क्षेत्र की आशा वं आशा फैसिलिटेटर मौजूद थे|

# 30 अभ्यर्थियों को दिया गया प्रशिक्षण प्रमाण पत्र



दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन

बांका:- रजौन प्रखंड के लक्ष्मीबाई जीविका महिला विकास स्वाबलम्बी सहकारी समिति लिमिटेड सभागार में दिनांक 23 अक्टूबर से चल रहे 'सामान्य उदमित्ता विकास कार्यक्रम' ट्रेड पर उन्नति प्रोजेक्ट अभ्यर्थियों के साथ अन्य कुल 30 अभ्यर्थियों को आर एस ई टी आई जिला ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, बांका द्वारा 6 दिवसीय प्रशिक्षण के साथ ही सोमवार को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया गया l इस अवसर पर प्रखंड परियोजना प्रबंधक मुकेश कुमार और जिला से प्रबंधक जॉब्स मनोज कुमार निराला उपस्थित हुए|

# एससी एसटी कांड के नामजद आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार



दैनिक बिहार पत्रिका

फुल्लीडुमर/बांका:- फुल्लीडुमर थाना की पुलिस रविवार को रात्रि गश्ती के दौरान कांड के एक आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है| थाना के पुलिस पदाधिकारी से मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना अध्यक्ष बबलू कुमार के नेतृत्व में थाना के एस आई रिशु कुमारी एवं अन्य सशस्त्र पुलिस जवानों के सहयोग से एसटी-एससी मामले में दर्ज कांड के नामजद आरोपित रितेश कुमार पिता गोपाल यादव ग्राम कुमारपुर को उसके घर से छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया गया| वहीं थाना अध्यक्ष बबलू कुमार ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुल्लीडुमर में स्वास्थ्य परीक्षण कराने के बाद पुलिस अभिरक्षा में न्यायिक हिरासत में बांका जेल भेज दिया गया|

# दीपावली, काली पूजा एवं छठ महापर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

दैनिक बिहार पत्रिका/कामेश्वर साह



फुल्लीडुमर/बांका:-28 अक्टूबर 2024 सोमवार को फुल्लीडुमर थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी कृष्णा कुमार की अध्यक्षता में एवं अंचलाधिकारी मनोज कुमार एवं थानाध्यक्ष बबलू कुमार के उपस्थिति में दीपावली, काली पूजा एवं छठ महापर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया| आयोजित बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी कृष्ण कुमार, अंचलाधिकारी मनोज कुमार एवं थाना अध्यक्ष बबलू कुमार ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली, काली पूजा एवं छठ महापर्व स्वच्छता एवं लोक आस्था का महापर्व है| अतः इसे शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें| वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने लोगों से छठ पूजा के दौरान गहरे पानी में नहीं जाने, खतरनाक छठ घाटों पर पूरी सावधानी बरतने, गहरे पानी वाले छठ घाटों पर तैराक रखने, दीपावली में प्रदूषण नहीं फैलाने, बच्चों को पटाखा फोड़ने से दूर रखने एवं काली पूजा के दौरान शांति बनाए रखते हुए पर्व को मनाने की अपील की| वहीं थाना अध्यक्ष बबलू कुमार ने अफवाहों पर ध्यान नहीं देने एवं शराबबंदी कानून का अक्षरशः पालन करते हुए शांतिपूर्वक पर्व को मनाने की अपील की| वही शांति समिति के बैठक में मुख्य रूप से काली पूजा समिति भितिया के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, लेटाबरण काली पूजा समिति के अध्यक्ष भुमेश्वर मंडल, चंदेला काली पूजा समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार, मोहम्मद मुस्लिम अंसारी, प्रणव कुमार मंडल, बमबम मिश्रा, पंचायत समिति सदस्य बबीता देवी, शिवनंदन मंडल, सुभित यादव, मोहम्मद दिलावर अंसारी, शशि भूषण मंडल, मनोहर कुमार राय, थाना मैनेजर अविनाश कुमार, पीटीसी आशीष कुमार सिंह, प्रमोद सिंह सहित अन्य उपस्थित थे|

# लंबित पत्रों का तुरंत निष्पादन करने का दिया गया निर्देश



दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन

बांका:- जिला पदाधिकारी, बांका अंशुल कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ 10:00 बजे पूर्वाहन में बैठक आयोजित की गई| बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा विभिन्न कार्यालयों में लंबित पत्रों के निष्पादन की प्रगति की समीक्षा की गई तथा काफी दिनों से लंबित पत्रों के तुरंत निष्पादन करने का निर्देश दिया गया| उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त, बांका,अपर समाहर्ता , बांका, अपर समाहर्ता विभागीय जांच, बांका, भू-अर्जन पदाधिकारी, बांका, विशेष कार्य पदाधिकारी, बांका , जिला पंचायत राज पदाधिकारी, बांका, जिला योजना पदाधिकारी, बांका, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, बांका सहित अन्य वरीय जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे|

# एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना अन्तर्गत निःशुल्क पंजीकरण एवं परीक्षण शिविर का किया जा रहा आयोजन

दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन

बांका:- भारत सरकार की एडिप योजनान्तर्गत एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना अन्तर्गत जिले के सभी प्रखंडों में निःशुल्क पंजीकरण एवं परीक्षण कर उनको उचित सहायक उपकरण उपलब्ध कराने एवं विगत वर्षों में वितरित सहायक उपकरणों की मरम्मत की सुविधा स्थानीय स्तर पर देने हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है| शिविर का आयोजन बाँका प्रखंड परिसर में दिनांक 22.10.2024 एवं 23.10.2024, अमरपुर प्रखंड परिसर में 25.10.2024 एवं 26.10.2024 को, फुल्लीडुमर प्रखंड परिसर में 28.10.2024 एवं 29.10.2024 को , शंभुगंज प्रखंड परिसर में 12.11.2024 एवं 13.11.2024 को, बेलहर प्रखंड परिसर में 15.11.2024 एवं 16.11.2024 को , कटोरिया प्रखंड परिसर 19.11.2024 एवं 20.11.2024 को, चांदन प्रखंड परिसर में 22.11.2024 एवं 23.11.2024 को, बौंसी प्रखंड परिसर में 25.11.2024 एवं 26.11.2024 को, बाराहाट प्रखंड परिसर में 29.11.2024 एव 30.11.2024 को , रजौन प्रखंड परिसर में 02.12.2024 एवं 03.12.2024 को , धोरैया प्रखंड परिसर में 06.12.2024 एवं 07.12.2024 को किया जाएगा| फुल्लीडुमर प्रखंड में कुल-12 आवेदन एडिप योजना अन्तर्गत-12 एवं वयोश्री योजना में शुन्य आवेदन प्राप्त हुए है|

# उप विकास आयुक्त के द्वारा विभिन्न योजनाओं का किया गया निरीक्षण

दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन,बांका:- प्रखंड फुल्लीडुमर अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण उप विकास आयुक्त, बांका द्वारा किया गया| निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त द्वारा ग्राम पंचायत दक्षिणी कोझी गोडा महादलित टोला, ग्राम पंचायत झाझा महादलित टोला के बीच बीच निर्मित पुल का रंग रोगन करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया| ओल्हानी से ग्राम पंचायत केरिया प्राथमिक विद्यालय के बिच विलासी नदी पर पुल का निर्माण योजना का कार्य भौतिक रूप से पूर्ण पाया गया| निरीक्षण के क्रम में कन्या अभियंता जिला परिषद बांका को रंग रोगन कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया|ग्राम पंचायत दक्षिणी कोझी ग्राम ओल्हानी मोही यादव टोला में सिंचाई नाला निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है| नाले के बाहरी भाग में खाली जगह को मिट्टी से भरने हेतु कनीय अभियंता को निर्देशित किया गया|प्रखंड फुल्लीडूमर अंतर्गत खेसर में जिला परिषद के जमीन पर हेल्थ वेलनेस सेंटर का निर्माण लिंटर लेवल तक पूर्ण पाया गया| हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर जो जर्जर है| उसे तोड़कर दुकान निर्माण हेतु निर्देशित किया गया|ताकि जिला परिषद के राजस्व में वृद्धि हो सके|

# शांति समिति की बैठक की गयी आयोजित

दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन



बांका:- दीपावली, काली पूजा, छठ पूजा को लेकर जिला पदाधिकारी, बांका अंशुल कुमार के निर्देश पर बांका जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों में शांति समिति की बैठक आयोजित किया जा रहा है| इसी क्रम में बाँका एवं कटोरियां थाना परिसर में संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी| बैठक में अंचल अधिकारी, बांका तथा जनप्रतिनिधियों, गणमान्य आदि उपस्थित हुए|

# छठ घाटों का किया गया निरीक्षण

दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन|



बांका:- छठ पूजा के तैयारियों के तहत जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देश पर सभी प्रखंडों में छठ घाटों का निरीक्षण किया जा रहा है | इसी क्रम में सोमवार को कटोरियां एवं बेलहर सहित अन्य प्रखंडों में स्थित छठ घाटों का निरीक्षण किया गया और छठ घाटों का साफ-सफाई किया जा रहा है| अंचल अधिकारी, बेलहर द्वारा छठ घाट केलावाड़ी का भौतिक सत्यापन किया गया|

# दीपावली पर सन सिटी कॉम्पलेक्स में फ्लैट की खरीद पर विशेष ऑफर के साथ पाएं गिफ्ट

दैनिक बिहार पत्रिका/धीरज गुप्ता




गयाः दीपावली और छठ के मौके पर भू-स्वामी बिल्डिकॉन प्राइवेट लिमिटेड नया फ्लैट बुक कराने वाले अपने सभी ग्राहकों को आकर्षक गिफ्ट और भारी छुट दी जा रही है| साथ ही सन सिटी कॉम्पलेक्स कई अन्य सुविधाएं मुफ्त में उपलब्ध करा रहा है| गया-डोभी मुख्य मार्ग पर अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के सामने बने ठाकुर सिंह सन सिटी कॉम्पलेक्स दिसंबर 2024 में पजेशन के साथ 190 फ्लैट तथा 150 दुकानों वाले कॉम्पलेक्स अपने ग्राहकों को उपलब्ध करा देगी| कोरोना के समय जो सोशल डिस्टेंशिंग के लिए रुल बनाया गया था उसको फॉलो करते हुए सन सिटी कॉम्पलेक्स ने हर फ्लैट के बीच 3-4 फीट की ओपन गैपिंग छोड़कर निर्माण कराया है, जिससे हर एक फ्लैट को काफी एयरी और आकर्षक बनाया गया है| फ्लैट्स में सनलाइट की समस्या नहीं है| फ्लैट लेने के लिए सभी सरकारी एवं निजी बैंकों द्वारा अप्रुव्ड होने के कारण ऋण उपलब्ध होने में उपभोक्ताओं को सहूलियत होती है| दीपावली और छठ को देखते हुए जो फ्लैट बचे हुए हैं उसकी बुकिंग पर आकर्षक उपहार दिया जा रहा है| फ्लैट में स्मार्ट किचन, चिमनी के साथ बनाया गया है|भू-स्वामी बिल्डिकॉन प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के प्रबंध निदेशक गौतम कुमार और निदेशक कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने संयुक्तरुप से बताया कि हमारी कंपनी जो कहती है वो पूरा करती है| आज महंगाई के दौर में हमने अपार्टमेंट में आपकी बजट में शहर के नजदीकी क्षेत्र में 2-3 बीएचके फ्लैट को उपलब्ध कराया जा रहा है| रेरा एप्रुव्ड बेहद सस्ते दामों पर इन फ्लैट्स में सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा गया है| इस बिल्डिंग की बिल्ड क्वालिटी बहुत अच्छी है और अच्छी बात है कि इन फ्लैट्स की बुकिंग अभी जारी है| हर फ्लैट के लिए पार्किंग की सुविधा रखी गई है| बिल्डिंग में अनेकों लिफ्ट लगाई गई है| फायर इमरजेंसी के लिए आग बुझाने के लिए पाइप और फायर एक्सटिंग्विशर्स लगाए गए हैं| यहां से रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड भी नजदीक हैं साथ ही अपार्टमेंट मुख्य मार्ग पर होने के कारण आवागमन में काफी सहुलियत होती है| विभिन्न प्रकार की सुविधाओं से सुसज्जित लक्जरी अपार्टमेंट परिसर में रहने से कई लाभ मिलेंगे, जो निवासियों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाते हैं तथा एक संतुष्टिदायक जीवन अनुभव में योगदान देते हैं| साइट पर जिम, स्वीमिंग पुल, पार्किंग स्थल, कचरा हटाने की सेवाएं, क्लब हाउस, फिटनेस सेंटर, स्विमिंग पुल, लाउंज, खेल का मैदान और संगठित सामुदायिक भवन, गेटेड समुदाय, सुरक्षा कैमरे, साइट पर रखरखाव कर्मचारी और अच्छी तरह से रौशनी वाले सामुदायिक क्षेत्र परिसर के भीतर सुरक्षा को बढ़ाते हैं|

अपार्टमेंट में पर्यावरण के अनुकूल सुविधाएं शामिल हैं| प्रकृति के पक्षधर फ्लैटियर्स को यह अपार्टमेंट बेहद पसंद आ रहा है| ऊर्जा-कुशल उपकरण,फिटनेस सेंटर, आउटडोर टेरिस जैसी सामुदायिक जगहें इस अपार्टमेंट में शामिल है|

# जेपीयू विश्वविद्यालय में पीएचडी की प्रक्रिया हुई सरल, शोधार्थियों को मिली सुविधा

दैनिक बिहार पत्रिका प्रतिनिधि

छपरा| जयप्रकाश विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार वाजपेयी द्वारा अपने कार्यकाल में छात्रहित में ऐसे कई निर्णय लिए गए हैं जिनसे छात्र-छात्राओं के कार्य आसान हुए हैं| इसी कड़ी में माननीय कुलपति द्वारा पीएचडी की प्रक्रिया को सरल बनाने एवं इसे त्वरित गति से संपन्न कराने के लिए निर्देश दिए गए हैं| जिससे छात्रों के कीमती समय की बचत हो रही है| इसके तहत ईमेल द्वारा परीक्षकों को नियुक्ति पत्र देना तथा उनके स्वीकृति पत्र प्राप्त करने के साथ ही शोध प्रबंध के मूल्यांकन हेतु सॉफ्ट कॉपी मेल से भेजने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है| इसके साथ-साथ मौखिकी परीक्षा ऑनलाइन कराने हेतु आधारभूत संरचना की व्यवस्था भी की गई है| इस व्यवस्था के तहत अबतक तीन मौखिकी परीक्षा संपन्न हो चुकी है और कई कतार में हैं| इसके अलावा पीएचडी अधिसूचना जो पूर्व में महीने- दो महीने पर जारी होते थे, उसे मौखिकी संपन्न होने के साथ ही उसी तिथि को शोधार्थी को हस्तगत कराया जा रहा है| इससे शोधकर्ताओं और परीक्षकों के कीमती समय की बचत तो हो ही रही है, उन्हें पूर्व की जटिल प्रक्रियाओं से भी मुक्ति मिल गई है|

# जिला कल्याण की मासिक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन

दैनिक बिहार पत्रिका प्रतिनिधि



वैशाली| जिला पदाधिकारी यशपाल मीणा की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम से संबंधित बैठक हुआ 1 वर्ष 2024 में कुल 211 प्राथमिक अधिनियम के तहत दर्ज हुआ जिसमें 200 पीड़ित का मुआवजा भुगतान किया गया| जिसमें 207.56 लख रुपए दिया गया| 36 पेंशनधारी को सितंबर 2024 तक पेंशन का भुगतान किया गया|वर्ष 2024 में 70 चार्जशीट पर मुआवजा का भुगतान किया गया| जिला अधिकारी के द्वारा दिए गए निर्देश विशेष लोक अभियोजक एवं पुलिस उपाधीक्षक से संपर्क कर आरोप पत्र प्राप्त करते हुए नियम अनुसार भुगतान की कार्रवाई करें| जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देश मिला कि तृतीया किस्त के भुगतान का प्राप्त प्रस्ताव का नियम अनुसार भुगतान करने का निर्देश दिया गया आवासीय विद्यालय एवं छात्रावास निर्माण हेतु सभी चिन्हित प्रखंडों में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वह अंचलाधिकारी से संपर्क कर जमीन चिन्हित करें| इस बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी कल्याण प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विशेष लोक अभियोजक तथा पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय अन्य पदाधिकारी शामिल हुए|

# बेलागंज उपचुनाव को लेकर युवा जदयू ने कसी कमर, क्षेत्र में चला रहे हैं कंपेन

दैनिक बिहार पत्रिका, प्रतिनिधि



गयाः बिहार विधानसभा उपचुनाव में बेलागंज उपचुनाव में मनोरमा देवी के पक्ष में युवा जदयू का सघन चुनाव प्रचार जारी है| युवा जदयू के जिलाध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र में डोर टू डोर कंपेन चलाया जा रहा है| इसमें लोदीपुर पंचायत, लालगंज, नेऊरी, मठना आदि गांवों का दौर किया गया| इस कंपेन टीम में युवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल भी शामिल रहे उन्होंने कहा कि हमारी सरकार निरंतर विकास की इबारत लिख रही है| नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के हर क्षेत्र में काम किया जा रहा है| अपने नेता के किए गए कार्यों के बूते ही हमलोग वोट मांगने आए हैं| युवा जदयू के गया जिलाध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने कहा कि नीतीश कुमार के राज में महिला सशक्तीकरण को काफी बल मिला है| समाज का कोई तबका ये नहीं कह सकता है कि विकास की किरण उन तक नहीं पहुंची है| हमलोग मनोरमा देवी के पक्ष में वोट गांव-गांव जाकर वोट मांग रहे हैं| सभी लोगों का भरपुर स्नेह मिल रहा है और मनोरमा देवी की जीत सुनिश्चित मानी जा रही है| वहां बेलागंज प्रखंड के युवा जदयू अध्यक्ष ने प्रचार के दौरान कहा कि हमारी सरकार आम से लेकर खास तक के लिए काम कर रही है| हमने अपनी आंखों के सामने बिहार का विकास होते देखा है और नीतीश कुमार के हाथ को मजबूत करने के लिए मनोरमा देवी को जीताकर सदन तक पहुंचाएंगे| युवा जदयू के जिलाध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा के नेतृत्व में प्रदेश के युवा नेता मीर्जा जौहर इमाम बेग, सुशांत पटेल, आशीष आर्यन, नाजिश बेग, जिला प्रवक्ता दिनेश यादव, युवा जदयू के पंचायत अध्यक्ष लोदीपुर अजीत चंद्रवंशी, अमित चंद्रवंशी, गौतम कार, मनु कुमार, ऋतिक कुमार सहित सैकड़ों युवा जदयू के कार्यकर्ताओं ने मनोरमा देवी के लिए वोट मांगा|

# वैशाली जिला को 1896.17 मीट्रिक टन यूरिया उर्वरक प्राप्त

**जिले के सभी 16 प्रखंडों में फसल आच्छादन के अनुसार उपावंटन कर दिया गया है**

दैनिक बिहार पत्रिका, प्रतिनिधि

वैशाली|जिला कृषि पदाधिकारी वैशाली के द्वारा बताया गया है कि वैशाली जिला को 1896.17 मीट्रिक टन यूरिया उर्वरक का आवंटन प्राप्त हुआ है, जिसका वैशाली जिले के सभी 16 प्रखंडों में फसल आच्छादन के अनुसार उपावंटन कर दिया गया है| उपवंटित उर्वरक यूरिया की मात्रा एवं वितरण सत्यापन के लिए प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है| जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि भगवानपुर के लिए 150 मीट्रिक टन, बिदुपुर के लिए 102.20 मीट्रिक टन, चेहराकलां के लिए 90 मीट्रिक टन, देसरी के लिए 73 मीट्रिक टन, गोरौल के लिए 113 मीट्रिक टन, हाजीपुर के लिए 123.22 मीट्रिक टन, जंदाहा के लिए 133 मीट्रिक टन, लालगंज के लिए 80 मीट्रिक टन, महनार के लिए 103 मीट्रिक टन, महुआ के लिए 174.40 मीट्रिक टन,पटेढ़ी बेलसर के लिए 77 मीट्रिक टन, पातेपुर के लिए 278. 35 मीट्रिक टन, राघोपुर के लिए 84 मीट्रिक टन, राजापाकर के लिए 79 मीट्रिक टन,सहदेयी बुजुर्ग के लिए 96 मीट्रिक टन एवं वैशाली के लिए 140 मेट्रिक टन यूरिया उर्वरक का आवंटन किया है|

# बैठक: जदयू प्रखंड कमिटि की हुई संगठनात्मक बैठक

सुपौल |सोनू कुमार भगत



छातापुर प्रखंड के महम्मदगंज पंचायत में रविवार को जदयू प्रखंड कमिटि की संगठनात्मक बैठक हुई| पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष डा. अजय कुमार आनंद की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बुथ से लेकर सभी प्रकोष्ठों में संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया गया| बैठक में पूर्व विधायक लखन ठाकुर, छातापुर विधानसभा क्षेत्र के संगठन प्रभारी जीवन सिंह, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष किशन मंडल मुख्य रूप से मौजूद थे| वहीं प्रखंड कमेटी के वरिय नेता व सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, पंचायत अध्यक्ष मुख्य रूप से शामिल हुए| पूर्व विधायक ने कहा कि नीतीश सरकार ने समाज के अंतिम पायदान पर खडे परिवारों के घर तक विकास की रौशनी पहूंचाई है| डा. लोहिया और कर्पुरी ठाकुर के सपनों को नीतीश कुमार ने सच कर के दिखाया| जरूरत है समाज के सभी वर्ग व समुदाय को एकजुट कर संगठन में शामिल करें और नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करें| किशन मंडल, फेकनारायण मंडल, प्रकाश साह, वीरेंद्र मंडल,प्रो अनिल राउत सहित कई वक्ताओ ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाया| इसके साथ ही पार्टी संगठन नई धार देने के लिए संकल्प दिलाया| संगठन प्रभारी जीवन सिंह व प्रखंड अध्यक्ष डा. श्री आनंद ने कहा कि बूथ जीतो चुनाव जीतो का मंत्र का नारा आलाकमान ने दिया है| इसके लिए हमें बूथ से लेकर पंचायत स्तर तक कमिटि के गठन को मजबुती देनी है| सभी प्रकोष्ठ में कार्यकारिणी का गठन किया आवश्यक है| बिहार में सीएम नीतीश कुमार न्याय के साथ विकास कर रहे हैं| सभी वर्गों तक सरकारी योजनाओं का लाभ सहज व सरल तरीके से पहूंचाया जा रहा है| इसलिए संगठन में सभी वर्गों को सामिल करने पर जोर देना है| बैठक में रामचंद्र मंडल, शशिभूषण सिंह, मो. सादिक, मो. रूस्तम, भीमशंकर मेहता, रुदीलाल पासवान, मो. निजाम, सफी अहमद, योगेंद्र मंडल, वीरेंद्र सहनी मुख्य रूप से मौजूद थे|

# अभियान: राजद की शुरू हुई सदस्यता अभियान, पूर्व विधायक समेत वरीय नेताओं की रही मौजूदगी

सुपौल |सोनू कुमार भगत




छातापुर प्रखंड मुख्यालय स्थित राजद कार्यालय में रविवार को शाम के 5 बजे पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई| पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष मो. हसन अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में पूर्व विधायक यदूवंश यादव सहित वरीय नेताओं की मौजूदगी में तीन सौ से अधिक लोगों ने सदस्यता ग्रहण की| पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि पिछले बार दो पंचायत में सदस्यता नहीं के बराबर हुई थी| सदस्यता अभियान स्थानीय संगठन को सौंपा गया है| प्रत्येक बूथ पर 50 सदस्य बनाने में दो क्रियाशील सदस्य बनेंगे| अभियान के साथ साथ 15 सदस्यीय बूथ कमिटि बनाकर उसमें तीन महिलाओं को जोडना है| अभियान के तहत पंचायत का कार्यक्रम तय कर टोली में घर घर जायें| अधिकाधिक सदस्य बनने से पार्टी संगठन को और मजबुती मिलेगी| कहा कि महिलाओ की आबादी भले ही 50 प्रतिशत है परंतु मतदान में वोट 60 प्रतिशत रहता है| इसलिए महिलाओ को भी सदस्य बनाना सुनिश्चित करना है|छातापुर विधानसभा के सदस्यता अभियान प्रभारी सह पूर्व प्रत्याशी डा. विपीन कुमार सिंह ने कहा कि राजद गरीब, पिछडों दलितो और अल्पसंख्यकों की पार्टी है| तेजस्वी प्रसाद यादव ने 17 महीने की सरकार में सरकारी नौकरी सहित अनेक लाभ बिहार को दिया| पार्टी ने सभी वर्गो को प्रतिनिधित्व भी दिया| पीछले चुनाव में हार के बाद भी हम सबों से जुड़े रहे| कहा कि पार्टी के द्वारा सौंपी गई सदस्यता अभियान की बागडोर को उन्होने चुनौती के रूप में लिया है| आपसबों खासकर यूवाओं के सहयोग से हम विधानसभा क्षेत्र में रिकार्ड सदस्य बनायेंगे| इसके साथ अन्य कई वक्ताओ ने अपने विचार व्यक्त किया| इस अवसर पर सभी पंचायत अध्यक्ष को पार्टी के द्वारा आई हुई दिवाल घड़ी प्रदान किया गया| वहीं सभी अतिथियों एवं वरीय नेताओं का फूलमाला से स्वागत किया गया| मौके पर जिलाध्यक्ष संतोष सरदार, ई. विद्याभूषण, संत राम, धीरेंद्र यादव, उपेंद्र शर्मा, भूवन नीजपुरिया, राजेश कुमार यादव, नागेश्वर भुस्कूलिया, प्रमोद कुमार यादव, नागेश्वर मंगरदैता, सुकदेव मुखिया, राजकुमार ठाकुर, अमित बहरखेर, दानालाल यादव, मो जिवरान आलम, योगेंद्र सिंह, महानंद सिंह, परमानंद मंडल, दिनेश मंडल, प्रमोद मंडल, आशा देवी, अस्फाक आलम, जयप्रकाश चौपाल, रौशन कुमार, शौकत अलि, मिथिलेश मंडल, सिकंदर सिंह, सरोज यादव, रवींद्र शर्मा, बबलु साह, श्याम साह, पप्पू साह, राजेश मुखिया, भूपेंद्र सिंह, सूर्यनारायण मंडल, रवींद्र कामैत, दुर्गानंद सिंह, सुमन साह, सुभाष यादव, संजय शर्मा, लालु यादव, अनिल राम, रामधारी राम एवं सभी पंचायत अध्यक्ष मौजूद थे|

# शौच करने गए युवक को मारी गोली, गंभीर स्थिति में पटना रेफर

दैनिक बिहार पत्रिका प्रतिनिधि

छपरा| जिले के खैरा थाना क्षेत्र मे शौच करने गए एक युवक को अपराधी ने गोली मार दी| जिसके बाद परिवार वालों के द्वारा उसे आनन फानन में छपरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया| जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर चिकित्सा के लिए पीएमसीएच रेफर किया गया| गोली लगने से जख्मी युवक खैरा थाना क्षेत्र के पटेरागढ़ गांव निवासी देवानंद साह का 35 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार साह बताया है| घटना उस समय हुई जब वह सुबह में खेत में शौच करने के बाद वापस घर की तरफ लौट रहा था|उस बीच गांव स्थित देवी मंदिर के समीप ही एक अपराधी द्वारा उसे गोली मारे जाने की बात सामने आई| जख्मी संतोष की मां ने बताया कि गांव के ही परशुराम पांडे के द्वारा उनसे रंगदारी की मांग की जा रही थी और नहीं देने पर उसके द्वारा उनके पुत्र को गोली मारी गई है| वहीं उन्होंने बताया कि वह पहले भी एक हत्या को अंजाम दे चुका है| वहीं सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है|

# बिहार के विकास के लिए जनसुराज के पक्ष में मतदान की अपील

दैनिक बिहार पत्रिका प्रतिनिधि



भोजपुर| भोजपुर जिले के तरारी विधानसभा उपचुनाव में जन सुराज पार्टी की उम्मीदवार किरण सिंह के समर्थन में सारण के जनसुराज के नेताओं ने विभिन्न गाँवों का दौरा किया गया|सारण से भोजपुर पहुंचे नेताओं ने नोनार, नारायणपुर, कतर, पंचमा, डुमरिया, बिहटा, तरारी, फुटहा बाजार, इमादपुर और अमई गाँव में दौरा कर स्थानीय लोगों से जनसुराज के पक्ष में मतदान करने की अपील की| जनसुराज के वरिष्ठ नेता ब्रजेन्द्र कुमार सिंह उर्फ मुन्ना भवानी ने लोगों से अपील किया कि एक बार बिहार के विकास एवं शिक्षा को मजबूती के लिए जनसुराज को समर्थन करें| आने वाला समय में जन सुराज पार्टी ही विकल्प बनेगी जो बिहार के विकास एवं शिक्षा को मजबूती प्रदान करेगी| इस मौके पर विकास सिंह,जितेन्द्र सिंह,मीरा देवी,शिवशंकर सिंह,प्रिंस सिंह,ब्रजेश सिंह,अनिल सिंह, बबलू यादव,ख़ुर्शीद नैयर,नीरज तिवारी, आदित्य सिंह, आनंद यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे|

# महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाली 'महायुति' के 'महादुखी' काल का अंत होगा-अखिलेश यादव



**लखनऊ (एजेंसी)।** विपक्षी दलों के समूह 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के प्रमुख घटक दल समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को दावा किया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में संयुक्त और संगठित राजनीतिक रणनीति से भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली 'महायुति' के 'महादुखी' काल का अंत होगा।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर महाराष्ट्र के निवासियों और मीडियाकर्मियों को संबोधित एक अपील में सपा प्रमुख यादव ने महाराष्ट्र चुनाव में महायुति के खिलाफ एकजुटता दिखाने का आह्वान करते हुए दावा किया, ''संयुक्त और संगठित राजनीतिक रणनीति से भाजपा के नेतृत्व वाली 'महायुति' के 'महादुखी' काल का अंत होगा।'' उन्होंने इस अपील के सबसे अंत में प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा, ''महाराष्ट्र के दुश्मनों को हराने के लिए और सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए वचनबद्ध और संकल्पबद्ध-आपका अखिलेश।''

अपने पोस्ट की शुरुआत में अखिलेश यादव ने कहा, ''प्रिय महाराष्ट्रवासियो और मीडियाकर्मियो, आपकी जागरुकता से महाराष्ट्र विधानसभा का चुनाव 'महाराष्ट्र' को भाजपा की साजिशों से भरी तोड़-फोड की नकारात्मक राजनीति और सांप्रदायिक सियासी दांव पेचों से मुक्ति दिलाएगा।''

उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा, ''संयुक्त विपक्ष की सकारात्मक रणनीति और परस्पर समायोजन को भाजपा की नकारात्मक राजनीति समझ ही नहीं पा रही है। महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था को धीरे-धीरे खत्म करने के भाजपाई षड्यंत्र का खुलासा महाराष्ट्र की जनता के सामने हो गया है।'' उन्होंने कहा, ''भाजपा ने महाराष्ट्र के समाज के ऐतिहासिक सौहार्द और भाईचारे को भी तोड़ा है और राजनीतिक दलों को भी। भाजपा चाहती है कि महाराष्ट्र को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से इतना कमजोर कर दिया जाए कि महाराष्ट्र के हाथ से देश के आर्थिक नेतृत्व की लगाम छीनकर किसी और के हाथ में दी जा सके।''

## 4 हजार करोड़ के बैंक फ्रॉड मामले में एक्शन

**-ईडी ने प्रमोटर्स की 503 करोड़ की संपत्तियां जब्त कीं**

नागपुर। प्रवर्तन निदेशालय नागपुर ने 4,037 करोड़ रुपए की बैंक धोखाधड़ी केस में 5 राज्यों में कार्रवाई की है। एजेंसी ने महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और आंध्र प्रदेश में 503.16 करोड़ की संपत्तियां कुर्क की हैं। ये संपत्तियां 24 अक्टूबर को जब्त की गई थीं। इसके साथ ही जब्त की गई कुल संपत्ति लगभग 727 करोड़ रुपए हो गई है। मामला कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और उनके प्रमोटर्स, डायरेक्टर्स मनोज जायसवाल, अभिजीत जायसवाल, अभिषेक जायसवाल के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप के तहत हुई जांच से जुड़ा है। कुर्क संपत्तियों में बैंक बैलेंस, म्यूचुअल फंड, शेयर, कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और मनोज कुमार जायसवाल और उनके परिजन के अलावा कई शेल कंपनियों के नाम ली गई प्रॉपर्टी शामिल हैं।

**ब्याज समेत 11 हजार करोड़ से ज्यादा का हेर-फेर**

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई थी। यूनियन बैंक के मुताबिक आरोपियों ने लोन लेने के लिए प्रोजेक्ट डीटेल में हेरफेर की और इसके बाद बैंक के फंड को डायवर्ट किया था। इसके चलते बैंक को 4,037 करोड़ रुपए, ब्याज समेत 11,379 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। इससे पहले इस मामले में ईडी ने नागपुर, कोलकाता और विशाखापत्तनम में कई जगह तलाशी अभियान चलाकर आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए थे। ईडी ने अपराध की आय भी जब्त की थी। जिसमें 223.33 करोड़ रुपए के लिस्टेड शेयर और सिक्योरिटी, म्यूचुअल फंड, फिक्स्ड डिपॉजिट और बैंक बैलेंस शामिल थे। साथ ही 55.85 लाख रुपए की नकदी भी जब्त की थी।

## अखनूर में 3 आतंकी मारे गए, वह आर्मी एंबुलेंस पर फायरिंग की थी, 5 घंटे चले एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने मार गिराया

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सोमवार को सुरक्षाबलों ने 3 आतंकियों को मार गिराया। सुबह 7-26 बजे लाइन ऑफ कंट्रोल के पास भट्टल इलाके में इन आतंकियों ने आर्मी एंबुलेंस पर फायरिंग की थी। हालांकि इसमें जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। आतंकी फायरिंग के बाद जंगल की ओर भाग गए थे। सेना ने इलाके को घेर कर सर्च ऑपरेशन चलाया। करीब 5 घंटे की मशक्कत के बाद तीनों आतंकियों को ढेर कर दिया। इससे पहले 24 अक्टूबर को बारामूला में सेना की गाड़ी पर आतंकियों ने हमला किया था, जिसमें 3 जवान और 2 पोर्टर की जान गई थी।

**मंदिर में मोबाइल ढूंढ रहे थे आतंकवादी**

सुरक्षाबलों ने बताया कि, आतंकवादी भट् ?टल इलाके में जंगल से लगे शिव आसन मंदिर में एक मोबाइल ढूंढ रहे थे। उन्हें किसी को कॉल करनी थी। इसी दौरान आर्मी की एंबुलेंस गुजरी और आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि आतंकवादी पिछली रात बॉर्डर पार करके अखनूर में आए थे।

## महाराष्ट्र के साथ बड़ा भेदभाव कर रहे हैं मोदी : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महाराष्ट्र के साथ भेदभाव कर रहे हैं और देश की आर्थिक राजधानी को गुजरात के बड़ोदरा में स्थानांतरित करने के लिए काम कर रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां एक बयान में कहा कि टाटा की एयरबस बनाने के महाराष्ट्र के नागपुर में लगने वाली फैक्ट्री का श्री मोदी ने वडोदरा से उद्घाटन कर आर्थिक राजधानी को बदलने का संकेत दे कर उन्होंने महाराष्ट्र के घावों पर नमक छिड़कने का काम किया है, लेकिन अब भेदभाव की राजनीति नहीं होने दी जाएगी। श्री खेड़ा ने प्रधानमंत्री से पूछा फ्रमोदी जी। महाराष्ट्र से भेदभाव क्यों। नागपुर में लगने वाले टाटा एयरबस सी- 295 फैसिलिटी का वडोदरा में उद्घाटन कर महाराष्ट्र के ज़ख्म पर नमक छिड़क रहे हैं। देश की आर्थिक राजधानी गुजरात ले जाने की साज़िश की जा रही है।' उन्होंने कहा, 'आपकी सरकार के दबाव में गुजरात भेजे गये 17 बड़े उद्योग। वेदांता फॉक्सकॉन सेमीकंडक्टर प्लांट से लेकर टाटा एयरबस यही नहीं, इंटरनेशनल फायनेंशियल सर्विसेज़ सेंटर (आईएफएससी), डॉयमंड ट्रेड सेंटर, बल्क ड्रग पार्क वगैरह, वगैरह भी महाराष्ट्र से छीन लिए गए। भेदभाव और बंटवारे की सियासत अब नहीं चलेगी।'

## पांच साल के मासूम बेटे का कत्ल कर पिता ने खुद को लगाई आग

चित्रकूट। चित्रकूट जिले में एक पिता ने रात में मासूम के रोने से इस कदर गुस्सा हुआ कि तेजधार हथियार से अपने ही बेटे को मौत की नींद सुला दी, इसके बाद खुद को आग लगा ली। यह घटना चित्रकूट जिले के मऊ थाना क्षेत्र के दुवारी गांव की है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने अपने हाथों से अपने मासूम बेटे की जान ले ली। आरोपी की पहचान 35 राजकुमार निषाद के तौर पर हुई है, जबकि उसका बेटे का नाम सत्यम था, जो महज पांच साल का था। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अपने पांच वर्षीय बेटे की गर्दन कुल्हाड़ी से काटकर उसकी हत्या कर दी और फिर अपने घर के अंदर खुद को भी आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने बताया कि रविवार की देर शाम को आरोपी पिता ने इस वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया और फिर अस्पताल पहुंचाया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि रात में जब वह सो रहा था तो उसके रोने पर उसे गुस्से आ गया। उसी गुस्से में उसने आपा खो दिया और अपने बेटे की हत्या कर दी। मऊ क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक राजकरन ने बताया कि आग लगाने के बाद आरोपी ने शोर मचाया, जिसके बाद पड़ोसियों ने किसी तरह कमरे का दरवाजा खोला और राजकुमार को बचाया। उन्होंने बताया कि हत्या में इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली गई है और आरोपी राजकुमार से घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया लगभग पूरी

नई दिल्ली। पूर्वी लद्दाख में सीमा को लेकर सहमति बनने के बाद भारत-चीन सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है। जल्द ही इसकी आधिकारिक घोषणा हो सकती है। इनमें दो बड़े बिंदू बने देपसांग और डेमचोक शामिल हैं। कहा जा रहा है कि अब अगले महीने से पेट्रोलिंग भी शुरू हो सकती है। हालही में ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की थी। खबर है कि जब दोनों पक्ष पूर्वी लद्दाख में सीमा पर सेना के पीछे हटने की पुष्टि कर देंगे, तब डिसइंगेजमेंट की प्रक्रिया पूरी होने का ऐलान होगा। दोनों पक्ष एलएसी पर अक्टूबर से ही पेट्रोलिंग शुरू कर सकते हैं। इसके बाद गश्त को लेकर अप्रैल 2020 की स्थित दोबारा स्थापित होगी। हथियारों से लैस जवान पेट्रोलिंग करेंगे। रविवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि सैनिकों के पीछे हटना पहला कदम होगा और उम्मीद है कि भारत 2020 वाली पेट्रोलिंग की स्थिति पर लौट जाएगा।

**अगला कदम तनाव कम करना- विदेश मंत्री**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि अगला कदम तनाव कम करना है, जो तब तक नहीं होगा जब तक भारत को यकीन नहीं हो जाता कि दूसरी तरफ भी यही हो रहा है। इस सप्ताह की शुरुआत में, भारत ने घोषणा की कि उसने पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर गश्त करने को लेकर चीन के साथ समझौता कर लिया है। मुंबई में जयशंकर ने कहा कि देपसांग और डेमचोक में गश्त करने और पीछे हटने पर आम सहमति बन गई है।

## फर्जीवाड़े में पूजा खेड़कर पिता भी निकले कई गुना आगे, तलाकशुदा या शादीशुदा?



**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेड़कर के कथित जाति प्रमाण पत्र फर्जीवाड़े के मामले के बाद उनके पिता, दिलीप खेड़कर, अब एक नए विवाद में फंस गए हैं। दिलीप खेड़कर ने आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए अहमदनगर दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया है, जिसमें उन्होंने खुद को तलाकशुदा बताया है। लेकिन, उनके पूर्व चुनावी हलफनामों में उन्होंने खुद को शादीशुदा बताते हुए पत्नी मनोरमा खेड़कर के साथ संयुक्त संपत्तियों का विवरण दिया था। यह कथन उनकी पारिवारिक स्थिति पर सवाल उठा रहा है।

दरअसल, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दिलीप और मनोरमा खेड़कर का तलाक जून 2010 में ही हो चुका था। 2009 में दोनों ने आपसी सहमति से तलाक के लिए पुणे की फैमिली कोर्ट में अर्जी दी थी, जिसके बाद एक साल में तलाक मंजूर हुआ। इसके बावजूद, 2019 के लोकसभा चुनाव के हलफनामे में दिलीप ने मनोरमा को अपनी पत्नी बताते हुए संपत्ति विवरण साझा किया और उनके निवास को अनडिवाइडेड हिन्दू फैमिली बताया। इसी के साथ, तलाक के बाद भी दोनों एक ही घर में साथ रहे हैं, जिससे उनकी पारिवारिक स्थिति पर और भी संदेह उत्पन्न होता है।

यह विवाद ऐसे समय पर उठा है जब दिलीप खेड़कर राजनीति में सक्रिय हो रहे हैं, वहीं उनकी बेटी पूजा खेड़कर पर भी गलत जाति प्रमाण पत्र के आधार पर यूपीएससी परीक्षा पास करने और आईएएस की ट्रेनिंग प्राप्त करने के आरोप लगे हैं। पूजा पर दिल्ली में धोखाधड़ी का मामला दर्ज है और दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच इसकी जांच कर रही है। दिलीप खेड़कर के चुनावी हलफनामे में दिए गए वैवाहिक स्थिति के विरोधाभास से लोगों के मन में संदेह पैदा हुआ है। चुनावी दस्तावेज़ों में सत्यता और पारदर्शिता का महत्व है, और ऐसे में खेड़कर परिवार की यह स्थिति एक बड़ा सवाल खड़ा कर रही है।

# बीजेपी अकेले सरकार नहीं बना सकती, बड़ी पार्टी जरुरी बन सकती है

**-विधानसभा चुनाव के बीच देवेंद्र फडणवीस के बयान से चुनावी माहौल गर्माया**



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। महायुति और महा विकास अघाड़ी दोनों पार्टियां अपनी-अपनी तैयारियों में जुटी हैं। इसी बीच बीजेपी के वरिष्ठ नेता और राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बयान ने चुनावी माहौल को और गर्मा दिया है। फडणवीस ने कहा कि बीजेपी राज्य में अकेले सरकार नहीं बना सकती, लेकिन सबसे ज्यादा वोट और सीटें हासिल कर सबसे बड़ी पार्टी बनकर जरुर उभरेगी। उन्होंने दावा किया कि महायुति गठबंधन को चुनाव में स्पष्ट बढ़त मिलेगी और इस गठबंधन के दम पर ही सरकार बनाएगी।

फडणवीस ने साफ कहा कि बीजेपी, शिवसेना (शिंदे गुट), और एनसीपी (अजीत गुट) के साथ मिलकर एक मजबूत महायुति गठबंधन बना है जो चुनाव में निर्णायक बहुमत हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि गठबंधन की सफलता तय करने बीजेपी को अपने उम्मीदवारों के चयन में समायोजन करना पड़ा है। फडणवीस ने बताया कि गठबंधन में तालमेल जरूरी है और इसमें कई उम्मीदवारों को टिकट न मिलने पर दुःख होता है, लेकिन यह चुनावी रणनीति का हिस्सा है।

फडणवीस के बयान साफ हो गया है कि बीजेपी को अकेले चुनावी जीत की बजाय गठबंधन पर भरोसा है। महाराष्ट्र में कुल 288 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में बीजेपी ने अब तक 121 उम्मीदवारों की घोषणा की है। वहीं, शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी (अजित गुट) भी ज्यादातर सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषण कर चुके हैं।

वहीं महाविकास अघाड़ी (एमवीए), जिसमें शिवसेना (उद्धव गुट), एनसीपी (शरद पवार गुट), और कांग्रेस शामिल हैं ने भी ज्यादातर सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। एमवीए का कहना है कि इस चुनाव में वह महायुति को कड़ी चुनौती देंगे। महायुति और एमवीए के बीच यह चुनाव एक टक्कर में तब्दील हो रहा है।

फडणवीस का बयान बताता है कि बीजेपी राज्य में अकेले चुनाव लड़ने के बजाय महायुति के सहयोग से चुनावी मैदान में उतरना चाहती है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह फैसला महाराष्ट्र के जटिल राजनीतिक समीकरणों को ध्यान में रखते हुए लिया है। महायुति का लक्ष्य है कि वे बहुमत हासिल कर महाराष्ट्र की सरकार का नेतृत्व कर सकें। महायुति और एमवीए के बीच की कड़ी टक्कर में कौन बाजी मारेगा, यह देखने बड़ा दिलचस्प होगा।

## विदेश मंत्री जयशंकर का स्टूडेंट्स को सुझाव: अंतरराष्ट्रीय मामलों की हासिल करें जानकारी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चाहे पढ़ाई का विषय कोई भी हो, छात्रों को वैश्विक घटनाओं और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के बारे में अपडेट रहना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय मामलों की जानकारी

हासिल करने पर स्टूडेंटस को ध्यान देना चाहिए। यह सुझाव विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने स्टूडेंट्स से बात करते हुए दिए। उन्होंने इस मौके पर अपने पिता से मिली प्रेरणा का जिक्र किया। जयशंकर ने कहा कि आज के सूचना युग में हर तरह की जानकारियां आसानी से उपलब्ध हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रही गतिविधियों को समझना आसान हो गया है। उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि सजग युवा देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत पहचान दिला सकते हैं। उन्होंने कहा, आप चाहे अंतरराष्ट्रीय संबंधों की पढ़ाई करें या नहीं, लेकिन आपको इस बारे में अच्छी तरह वाकिफ रहने की जरूरत है। दुनिया हमारे दरवाजे पर है, यह अच्छा भी है और बुरा भी। विदेश मंत्री ने कोविड-19 महामारी का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे एक घटना जो चीन में हुई लेकिन पूरी दुनिया को प्रभावित किया। उन्होंने छात्रों को विश्व में हो रही गतिविधियों पर नजर रखने और उन्हें आकार देने के लिए प्रेरित किया। जयशंकर ने अपनी शिक्षा और कूटनीति के क्षेत्र में यात्रा का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि कैसे उनके पिता ने उन्हें व्यावहारिक अंतरराष्ट्रीय संबंधों में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, मैंने अंतरराष्ट्रीय संबंधों में मास्टर डिग्री की थी, लेकिन मेरे पिता ने मुझसे पूछा कि क्या मैं वही अध्ययन करना चाहता हूं जो अन्य लोग कर रहे हैं या कुछ नया करना चाहता हूं। उनके इस सवाल ने मेरे करियर के दिशा-निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जयशंकर ने युवाओं से आग्रह किया कि वे वैश्विक मामलों में गहराई से जुड़ें। हमें दर्शक नहीं बनना चाहिए, हमें खेल का मैदान नहीं बनना चाहिए, बल्कि हमें एक खिलाड़ी बनना होगा। विदेश मंत्री के इस संदेश ने छात्रों को प्रेरित किया कि वे अंतरराष्ट्रीय मुद्दों से अवगत रहें और अपनी पढ़ाई के साथ-साथ वैश्विक संदर्भों में भी रुचि विकसित करें।

## ओवैसी पर भड़के गिरिराज सिंह, कहा- हिंदुओं में अफ़वाह मत फैलाइए



**पटना (एजेंसी)।** असदुद्दीन ओवैसी पर केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता गिरिराज सिंह भड़क गए हैं। उन्होंने ओवैसी पर पर हिंदुओं में अफ़वाह मत फैलावे का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ओवैसी जैसे लोग अफ़वाह और भ्रम फैलाते हैं कि मुसलमान आने वाले 80-90 सालों में भी हिंदुओं की बराबरी नहीं कर पाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि मैं उनसे कहना चाहता हूँ कि हिंदुओं में अफ़वाह मत फैलाइए। 1951 में उनकी संख्या 2.5 से 2.8 करोड़ थी। आज सरकारी आंकड़ों के हिसाब से आप 17 करोड़ हैं, अघोषित आंकड़े कहते हैं कि आप 25 करोड़ हैं।

भाजपा नेता ने कहा कि हिंदू 30 करोड़ से बढ़कर 90 करोड़ हो गए। हम तीन गुना बढ़ गए, जबकि आपकी जनसंख्या 7 गुना बढ़ गई। इससे पहले असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के खिलाफ किशनगंज में उनकी 'हिंदू स्वाभिमान यात्रा' के दौरान की गई विवादित टिप्पणी को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। एआईएमआईएम ने वरिष्ठ भाजपा नेता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए किशनगंज कोर्ट में उनके खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

रैली के दौरान की गई अपनी टिप्पणी को लेकर केंद्रीय मंत्री को खासकर मुस्लिम समुदाय से भारी विरोध का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। केंद्रीय मंत्री ने 22 अक्टूबर को किशनगंज में 'हिंदू स्वाभिमान यात्रा' निकाली। लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ने लोगों से अपने घरों में ÷भाले, तलवार और त्रिशूल÷ का भंडार रखने का आग्रह किया, जिसका इस्तेमाल देवताओं की पूजा और ÷आत्मरक्षा÷ के लिए किया जा सके।

# हिमाचल के कालापानी में सीएम सुक्खू ने गुजारी रात, ऐसा करने वाले पहले सीएम

**-रिटायर्ड शिक्षक के घर पर रात गुजारी**



**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने हालिया दौरे में डोडरा क्वार में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। वे पहले मुख्यमंत्री बने हैं, जिन्होंने इस दुर्गम क्षेत्र में रात बिताकर कई मिथक को तोड़ दिया। डोडरा क्वार को अक्सर कालापानी के नाम से जाना जाता है, और यह क्षेत्र शिमला जिले में स्थित है। यहां पहुंचना और रुकना दोनों ही बेहद चुनौतीपूर्ण माने जाते हैं। सीएम सुक्खू ने लोगों से मिलने और उनकी संस्कृति को समझने के लिए हरदयाल खेपन नामक रिटायर्ड शिक्षक के घर पर रात बिताई। वे शनिवार शाम को करीब 7-45 बजे उनके घर पहुंचे, जहां परिवार के लोगों ने सीएम सुक्खू का गर्मजोशी से स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने अलाव के पास बैठकर परिवार से बातचीत की और स्थानीय परंपराओं के बारे में जानकारी ली।

इस दौरान, उन्होंने सरकार आपके दरवाजे कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में आठ गांवों की महिलाओं ने मिलकर पारंपरिक भोजन तैयार किया, इसमें स्थानीय व्यंजन जैसे सिड्डू, ओगला, चियौन (स्थानीय मशरूम) और राजमा की सब्जी शामिल थी। इस मौके पर, उन्होंने पारंपरिक बेटू और कोड़ा रोटी का भी आनंद लिया। सुक्खू के स्वागत में गांव की महिलाओं की मेहनत को सभी ने सराहा, और लोगों ने कहा कि मुख्यमंत्री की मेजबानी हमारे लिए गर्व की बात है, क्योंकि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। रविवार की सुबह, उन्होंने ढांडारवाड़ी- दूसरे महिला मंडल की महिलाओं के साथ नाश्ता किया, जो इस क्षेत्र की स्थानीय संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है।


सीएम सुक्खू का यह कदम न केवल राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह दर्शाता है कि सरकार अब दूरदराज के इलाकों में भी अपनी उपस्थिति और संवाद स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## महाराष्ट्र चुनाव : शरद पवार गुट मेरे भतीजे युगेंद्र को चुनाव लड़ाकर गलती कर रहा : अजीत पवार

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने बारामती विधानसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल करते हुए कहा, मैंने अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को लोकसभा में उतारकर गलती की थी। अब शरद पवार गुट ने मेरे भतीजे युगेंद्र पवार को उतारकर वही गलती दोहरा दी है। बारामती विधानसभा सीट पर इस बार चुनाव और भी दिलचस्प हो गया है क्योंकि एनसीपी प्रमुख शरद पवार के गुट ने अजीत पवार के खिलाफ उनके भतीजे युगेंद्र पवार को उम्मीदवार के तौर पर उतारा है। युगेंद्र पवार, अजीत पवार के छोटे भाई श्रीनिवास पवार के बेटे हैं और पहली बार चुनावी मैदान में उतरे हैं।

**अजीत ने माना सुप्रिया के खिलाफ पत्नी को लड़ाकर गलती की थी**

अजीत पवार ने ऐसा कहकर पारिवारिक मतभेदों और आंतरिक संघर्षों की तरफ इशारा किया है। उनके अनुसार, जैसे उन्होंने लोकसभा चुनाव में अपनी पत्नी को सुप्रिया सुले के खिलाफ खड़ा करके एक गलती की थी, उसी तरह शरद पवार ने युगेंद्र पवार को उम्मीदवार बनाकर उसी राह पर चलने का चुनावी जोखिम उठाया है। पिछले लोकसभा चुनाव में सुप्रिया सुले ने सुनेत्रा पवार को हराया था। जबकि 2019 के विधानसभा चुनाव में अजीत पवार ने इस सीट पर बड़ी लीड के साथ जीत दर्ज की थी। लेकिन अब पार्टी में बंटवारे के बाद बारामती की जनता एक बार फिर चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही है।





# अजय देवगन के नई मूवी 'नाम' की घोषणा

एक्शन स्टार अजय देवगन और निर्देशक अनीस बज्मी एक बड़े एक्शन एंटरटेनर के लिए टीम बना रहे हैं। जबकि अजय देवगन 'सिंघम अगेन' के रिलीज के लिए तैयार हो रहे हैं, और अनीस बज्मी 'भूल भुलैया 3' के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, इस जोड़ी ने अपने फैंस और दर्शकों को नई एक्शन स्पेक्टेकल 'नाम' की घोषणा करके चौंका दिया है। निर्माताओं ने आधिकारिक शीर्षक के साथ एक घोषणा पोस्टर के माध्यम से दर्शकों को उत्सुक कर दिया है। अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित और अनिल रोओंग्टा द्वारा रोओंग्टा एंटरटेनमेंट प्रजेंट्स, स्नीगधा मूवीज प्रा. लि. के सहयोग से 'नाम' अजय देवगन के फैंस और दर्शकों के लिए एक सिनेमा स्पेक्टेकल होने का वादा करता है। यह फिल्म 22 नवंबर, 2024 को पेन मारुधर द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर रिलीज की जाएगी। आज जारी किए गए पहले लुक पोस्टर ने फिल्म के बारे में अधिक जानने की जिज्ञासा पैदा कर दी है, जो अजय देवगन को मुख्य भूमिका में लेकर एक उच्च-ऑक्टेन, गहन एक्शन ड्रामा होने का वादा करती है।

# सनी देओल के एक्शन फिल्म 'जाट' धमाकेदार एक्शन से भरपूर

बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जाट' का पहला पोस्टर और आधिकारिक टाइटल जारी किया गया है। इस फिल्म का निर्देशन गोपीचंद मलिनेनी ने किया है और इसे माइथ्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री ने प्रोड्यूस किया है। 'जाट' एक ऐसा सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है जैसा पहले कभी नहीं देखा गया। रिलीज़ हुए फर्स्ट लुक पोस्टर में सनी देओल एक दमदार और इंटेंस अवतार में नजर आ रहे हैं, जिससे साफ है कि यह फिल्म भरपूर एक्शन और ड्रामा से भरी होगी। फिल्म के एक्शन और बड़े-बड़े स्टंट्स इस जॉनर को एक नई दिशा देंगे। सनी देओल, जो अपनी शानदार स्क्रीन प्रेज़ेंस और दमदार परफॉर्मेंस के लिए जाने जाते हैं, गोपीचंद मलिनेनी के साथ काम कर रहे हैं। मलिनेनी को इंटेंस एक्शन और दिलचस्प कहानियों को जोड़ने के लिए जाना जाता है, और यह सहयोग दर्शकों के लिए एक बेहतरीन सिनेमाई अनुभव लेकर आएगा। 'जाट' में रणदीप हुड्डा, सैयामी खेर और रेजिना कैसेंड्रा जैसे सितारे महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे, जो फिल्म को गहराई और दमखम प्रदान करेंगे। फिल्म का निर्माणमाइथ्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री जैसी प्रमुख प्रोडक्शन हाउस के द्वारा बड़े पैमाने पर किया जा रहा है, जिससे उच्च गुणवत्ता और शानदार मनोरंजन की गारंटी है।



# मैं किसी को जज नहीं करती: कृति सेनन

सोशल मीडिया पर आलिया भट्ट के बोटोक्स कॉस्मेटिक सर्जरी को लेकर गर्माये मुददे के बीच बालीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन ने कहा -मैं किसी को जज नहीं करती सबका अपना-अपना तरीका है। ताजा इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि जो लोग कॉस्मेटिक सर्जरी करवाते हैं उन्हें वो जज नहीं करतीं हैं लेकिन वह ये भी नहीं चाहतीं कि युवा लड़कियां हर समय परफेक्ट दिखने का दबाव महसूस करने लगें। एक्ट्रेस ने कहा कि अगर आप अपनी बॉडी का कोई अंग बदलकर कॉन्फिडेंट महसूस कर रहे हैं तो ये आप पर है। ये आपका डिसीजन होना चाहिए। फिर आपके इस फैसले के साथ जो बी हो आपको वो फेस करना पड़ेगा। ये आपकी लाइफ है, आपकी बॉडी है, आपका फेस है। मैं इसका जजमेंट नहीं करती। लेकिन हां, मैं ये भी नहीं चाहती कि यंग लड़कियां हमेशा से सुंदर दिखने का प्रेशर फील करें।एक्ट्रेस ने आगे कहा कि कोई भी हर समय परफेक्ट नहीं दिख सकता। मैं भी कई बार नहीं दिखती। अगर आप ऐसे पेशे में हैं तो आपका एक हिस्सा हमेशा अच्छा दिखना चाहिए। जहां एक पिंपल उन्हें कुछ समय के लिए दुखी कर सकता है लेकिन यह उसे उस हद तक असुरक्षित नहीं बनाता है जहां उन्हें कुछ बदलने की जरूरत महसूस हो। कृति ने कहा, अगर आप नेचुरली खूबसूरत दिखना चाहती हैं तो मैं यही कहूंगी कि अपनी सेहत, खान-पान और मानसिक स्थिति का ख्याल रखे। ये बहुत ज्यादा जरूरी है। हम अपनी मेंटल हेल्थ के साथ जो कुछ करते हैं वो हमारे फेस पर भी दिखता है। आपका अच्छा रहना इस पर डिपेंड करता है कि आप अपना कैसे ख्याल रख रहे हैं। काम की बात करें तो कृति सेनन इन दिनों हालिया रिलीज हुई फिल्म दो पत्ती को लेकर खूब चर्चा में हैं।

# यश ने नमित मल्होत्रा से अपनी पहली मुलाकात को याद किया



भारतीय फिल्म उद्योग और अंतरराष्ट्रीय सिनेमा के बीच नमित मल्होत्रा ने एक पुल का काम किया है। उनकी कंपनियों, डीएनईजी और प्राइम फोकस, ने हॉलीवुड में कई बड़े प्रोजेक्ट्स का समर्थन किया है, जैसे कि द गारफील्ड मूवी और द एंग्री बर्ड्स मूवी 3, जिससे वे एक प्रसिद्ध भारतीय नाम बन गए हैं। हाल ही में, कन्नड़ फिल्म उद्योग के स्टार यश, जिन्हें केजीएफ के नाम से जाना जाता है, ने अपने आगामी प्रोजेक्ट रामायण के बारे में बात की। एक इंटरव्यू में, यश ने नमित मल्होत्रा के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया, जो लॉस एंजेलेस में एक प्रोजेक्ट टॉक्सिक के लिए वीएफएक्स पर चर्चा के दौरान हुई थी। यश ने बताया, 'मुझे नमित और उनका विजन बहुत पसंद आया। हम दोनों का उद्देश्य भारतीय फिल्मों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर लाना था। दर्शकों से हमें मिले समर्थन ने हमारे विजन को और मजबूत कर दिया। हमारी चर्चा के दौरान, उन्होंने मुझसे पूछा, 'क्या आप इसका हिस्सा बनना चाहते हैं?' उस समय मुझे समझ आ गया कि वे मेरे विजन में कितना मूल्य जोड़ेंगे। वह बहुत बड़ी क्षमता वाले एक महान व्यक्ति हैं, और कई लोग उनकी उपलब्धियों के बारे में नहीं जानते। उनकी कंपनी ने 5-6 ऑस्कर जीते हैं, और यह वास्तव में आश्चर्यजनक है कि एक भारतीय ने इस पद को संभाला है और ऐसे अद्भुत काम कर रहा है। मैं बहुत भाग्यशाली और आभारी महसूस करता हूँ कि मुझे ऐसे बेहतरीन सहयोगियों के साथ काम करने का अवसर मिला।'

# भूल भुलैया और मंजुलिका के 17 साल: विद्या बालन सबसे प्रतिष्ठित भूतनी के रूप में



ब्लॉकबस्टर हॉरर कॉमेडी एंटरटेनर भूल भुलैया ने आज अपनी रिलीज़ के 17 साल पूरे कर लिए हैं। प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित इस फ़िल्म में अक्षय कुमार, विद्या बालन, अमीषा पटेल और परेश रावल अहम भूमिकाओं में थे। हालाँकि यह फ़िल्म मज़ेदार और कॉमेडी से भरपूर थी, लेकिन इसे मुख्य रूप से बहुमुखी अभिनेत्री और प्रतिभा की पावरहाउस विद्या बालन के लिए याद किया जाता है, जिन्होंने भूतनी 'मंजुलिका' के रूप में अपने बेहतरीन अभिनय से दर्शकों पर अमिट छाप छोड़ी। अपने बेहतरीन अभिनय, हाव-भाव और बॉडी लैंग्वेज से विद्या ने इस किरदार को प्रतिष्ठित बना दिया और फ़िल्म में एक महत्वपूर्ण हॉरर तत्व जोड़ दिया। मंजुलिका के रूप में उन्होंने जो प्रभाव छोड़ा, वह बेजोड़ है और तब से प्रशंसक और अधिक की माँग कर रहे हैं। मीम संस्कृति के उभरने के बाद से, मंजुलिका मीम की दुनिया में एक प्रमुख स्थान रखती है। विद्या का किरदार प्रतिष्ठित और प्रासंगिक बना हुआ है, जिसे विभिन्न अवसरों के लिए हास्यपूर्ण ढंग से रूपांतरित किया गया है। विद्या बालन की मंजुलिका के रूप में वापसी को हिंदी सिनेमा में किसी सीक्वल की सबसे बहुप्रतीक्षित वापसी माना जा रहा है।

# फिल्म की सफलता से अली फजल और ऋचा चड्ढा बेहद खुश



बॉलीवुड कपल अली फजल और ऋचा चड्ढा इस समय अपनी पहली प्रोडक्शन फिल्म गर्ल्स विल बी गर्ल्स की अंतरराष्ट्रीय सफलता को लेकर बेहद खुश हैं। फिल्म की सफलता पर ऋचा चड्ढा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'मामी में इन पुरस्कारों को जीतना हमारे लिए घर वापसी जैसा लगता है। इस फिल्म ने मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल 2024 में कुल 4 अवॉर्ड्स जीते हैं, जो कि उनके लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अंतरराष्ट्रीय समारोहों में गर्ल्स विल बी गर्ल्स की अविश्वसनीय यात्रा के बाद, इस तरह से फिल्म को पसंद किया जाना वास्तव में दिल को छू लेने वाला है। कानी कुश्रुति, प्रीति पाणिग्रही, केसव बेनॉय किरण और जितिन गुलाटी जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों ने शानदार प्रदर्शन किया है, और अली और मैं गर्ल्स विल बी के साथ जो हासिल हुआ, उस पर बहुत गर्व महसूस कर रहे हैं। लड़कियाँ इस बात से रोमांचित हैं कि इसे वह पहचान मिल रही है, जिसकी यह हकदार है।' अली फजल ने भी अपने विचार साझा किए और कहा, 'इन जीतों को और भी खास बनाने वाली बात यह है कि फिल्म को विशेष रूप से लिंग श्रेणी में मान्यता मिली थी।

एक पुरुष और एक सिनेप्रेमी के रूप में मैं महिलाओं द्वारा बताई गई महिलाओं के बारे में इन कहानियों को देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं। ये कहानियाँ दर्शकों की विस्तृत श्रृंखला के साथ गहन तरीके से प्रतिध्वनित हो रही हैं। हम इस सफलता का श्रेय अपनी अविश्वसनीय टीम को देते हैं। शुचि के निर्देशन ने कहानी को बेहद खूबसूरत तरीके से जीवंत कर दिया।' गर्ल्स विल बी गर्ल्स एक संवेदनशील फिल्म है, जो ब्लिंक डिजिटल और डोल्से वीटा फिल्म्स के सहयोग से ऋचा चड्ढा और अली फजल के संयुक्त उद्यम पुशिंग बटन स्टूडियो के तहत निर्मित है।



# एलेक्शी गुप्ता ने अब टेलीविजन की दुनिया में कदम रखा

अभिनेत्री एलेक्शी गुप्ता ने अब टेलीविजन की दुनिया में कदम रखा है। इस बारे में बात करते हुए एलेक्शी गुप्ता ने कहा, टीवी शो में काम करना हमेशा से मेरा सपना था, लेकिन यह आसान नहीं है। फिल्मों में, आपके पास किरदार की तैयारी के लिए समय होता है, दृश्यों का अभ्यास कर सकते हैं, और अपनी परफॉर्मेंस को संवार सकते हैं। लेकिन टेलीविजन में गति बहुत तेज होती है। मुझे हर दिन 13 घंटे लगातार शूट करना पड़ता है, और कभी-कभी स्क्रिप्ट उसी दिन दी जाती है, जिसे मुझे तुरंत याद करना होता है।हालांकि, यह व्यस्त शेड्यूल उनके लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है, एलेक्शी इस अवसर को लेकर आभारी हैं, जिसने उन्हें एक अभिनेता के रूप में आगे बढ़ने का मौका दिया। उन्होंने कहा, इसने मुझे अपने कम्फर्ट जोन से बाहर धकेला और मेरी एक्टिंग का ग्राफ बढ़ाया। मेरे किरदार का परिवार में सकारात्मकता फैलाने का मकसद है, जो मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है, और यही वजह है कि मैंने इस भूमिका को स्वीकार किया। अपने किरदार साक्षी के माध्यम से, एलेक्शी सकारात्मक प्रभाव लाने की कोशिश कर रही हैं, जहाँ उन्हें प्रेरणादायक कहानियाँ पढ़ने और भावनात्मक पत्रों का उत्तर देने का मौका मिलता है। उन्होंने बताया, फिल्मों में समय की एक विलासिता होती है, जो टीवी में नहीं होती। यह तेज़ और कठोर है, लेकिन इसने मुझे दृढ़ता सिखाई है। मैं उन सभी अभिनेताओं को सलाम करती हूँ जो वर्षों से टीवी में काम कर रहे हैं। यह उतना आसान नहीं है जितना लगता है।

एलेक्शी ने अपने करियर को संतुलित करने की उम्मीद जताई और बताया कि वह फिलहाल अपने टीवी शो के साथ-साथ अपनी आगामी बॉलीवुड फिल्म वीर मुरारबाजी पर भी काम कर रही हैं, जो अगले साल रिलीज होने वाली है।उन्होंने कहा, इस भूमिका के माध्यम से मैं दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान लाना चाहती हूँ। एलेक्शी ने बॉलीवुड और टेलीविजन में काम करने के बीच की भिन्नताओं पर भी चर्चा की।

# गोल्डन साड़ी में शानदार तस्वीरें शेयर की पूजा हेगड़े ने

हाल ही में अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने एक खूबसूरत और चमकदार गोल्डन साड़ी में अपनी शानदार तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं। मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने 22 अक्टूबर को मुंबई में अपने घर पर एक शानदार दिवाली पार्टी का आयोजन किया, जो सितारों से सजी हुई थी। पूजा ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी ग्लैमरस तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, इस साल दिवाली का मौसम जल्दी शुरू हो रहा है।तस्वीरों में पूजा राधे श्याम के स्टार के रूप में नजर आ रही हैं, जिसमें उन्होंने शानदार आइवरी गोल्ड-एम्बेलिश्ड साड़ी पहनी है। साड़ी को स्टाइलिश चमकदार ब्लाउज के साथ पेयर किया गया है, और उन्होंने अपने लुक को स्टेटमेंट नेकलेस और चंकी चूड़ियों के साथ पूरा किया। उनके मेकअप में न्यूनतम ग्लैम का चयन किया गया, जो उनके लुक को और भी आकर्षक बना रहा। मनीष की दिवाली पार्टी में कई मशहूर सितारे भी शामिल हुए, जिनमें सिद्धार्थ मल्होत्रा, कियारा आडवाणी, शाहिद कपूर, मीरा राजपूत, वरुण धवन, नताशा दलाल, करण जौहर, श्रद्धा कपूर, वेदांग रैना, खुशी कपूर, जान्हवी कपूर, तृप्ति डिमरी, तमन्ना भाटिया और अर्जुन कपूर शामिल थे। वर्कफ्रंट की बात करें, तो पूजा हेगड़े जल्द ही रोशन एंड्रयूज की एक्शन थ्रिलर देवा में शाहिद कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। इस फिल्म का पहला लुक इस साल जुलाई में जारी किया गया था। मेकर्स ने इसकी रिलीज की तारीख भी तय कर दी है, जो 14 फरवरी 2025 को होगी। फिल्म में पावेल गुलाटी भी अहम भूमिका में हैं, और इसका लेखन और निर्देशन कार्तिक सुब्बाराज ने किया है। इसके अलावा, पूजा थलपति 69 में विजय और बॉबी देओल के साथ भी नजर आएंगी। इस फिल्म में गौतम वासुदेव मेनन, प्रकाश राज, नारायण, प्रियामणि, ममिता बैजू और मोनिशा ब्लेसी जैसे सितारे सहायक भूमिकाओं में दिखाई देंगे।






# दिवाली में लिविंग रूम को सजाते समय आप भी रखें इन बातों का ध्यान

**घर का लिविंग रूम सब के लिए खास होता है। यह एक ऐसा रूम है जहां घर के सभी लोग एक साथ बैठ के क्वॉलिटी टाइम बिताते हैं। घर में आने वाले मेहमान भी लिविंग रूम में बैठते हैं। यही नहीं, किसी भी पार्टी के लिए लिविंग रूम का बड़ा ही महत्व रहता है क्यूंकि, ये वो जगह है, जहां घर की पार्टी का इंतजाम किया जाता है। अगर लिविंग रूम अट्रैक्टिव होता है, तो पार्टी की रौनक और भी बढ़ जाती है, अगर अस्त-व्यस्त हो, तो पार्टी का मजा किरकिरा हो जाता है। इस दिवाली अगर आप भी दिवाली पार्टी के लिए लिविंग रूम को शानदार तरीके से डेकोरेट करना चाहती हैं, तो आपको कुछ बुनियादी बातों पर ध्यान देना चाहिए।**

वैसे तो दिवाली के दिन सभी घरों में लाइट की व्यवस्था खूब रहती है लेकिन, जब दिवाली के दिन घर पर मेहमानों के साथ पार्टी रखी है, तो आपको अन्य दिनों के मुकाबले कुछ अधिक लाइट लगा लेनी चाहिए। अगर ठीक से लाइट नहीं हो तो पार्टी के साथ कमरे की सजावट खराब हो जाती है। हो सके तो पार्टी वाले दिन रंग-बिरंगी लाइट को लिविंग रूम में लगाने से बचे क्यूंकि, खाना खाने के दौरान बहुत कम लोग ही इस तरह की लाइट्स को पसंद करते हैं।

## गलत कालीन को करें साइड

दिवाली पार्टी वाले दिन आप लिविंग रूम में कालीन ना ही लगाएं तो बेहतर है। अगर आप सफेद कलर का कालीन लिविंग रूम में लगाने वाली है, तो ये गलती भूल के भी नहीं कीजियेगा, क्यूंकि एक बार अगर कालीन पर दाग लग गए फिर उसके बाद उस दाग को निकालने में आपको ही मेहनत करनी पड़ सकती है। इसलिए दिवाली पार्टी के दिन कालीन बिछाने के लिए रंग का चयन करते समय ये जरूर याद रखें।

## टेबल, कुर्सी का रखें ध्यान

वैसे तो लिविंग रूम एक तरह से टेबल, कुर्सी या सोफा सेट के लिए जाना जाता है लेकिन, दिवाली पार्टी वाले दिन लिविंग रूम में अधिक कुर्सी और सोफा सेट रखने से बचें, क्यूंकि इससे लिविंग रूम की जगह भी कम हो जाती है, और लिविंग रूम एकदम से भरा-भरा दिखने लगता है, जिसके चलते कई बार आने-जाने के लिए जगह की कमी हो जाती हैं। पार्टी के लिए आप एक बड़ा सा टेबल का इस्तेमाल कीजिए जिस पर एक साथ सभी बैठकर खाना खा सके।

## सेटिंग चेंज करें

लिविंग रूम को अट्रैक्टिव दिखाने के लिए इसकी सेटिंग चेंज करते रहें। अगर आपने पिछले कई महीनों से लिविंग रूम की सेटिंग चेंज नहीं की है, तो इस बार उसे भी कर लीजिए। कई बार सेटिंग चेंज करने से भी लिविंग रूम को अट्रैक्टिव बनाया जा सकता है। आप सोफा, टीवी और टेबल आदि की पोजीशन को चेंज कर दीजिये और ये भी ध्यान रखें कि कई चीजों को एक साथ ना रखें। लिविंग रूम को खुला खुला रखने की कोशिश करें ताकि बीच में आने-जाने की जगह बनी रहे।

# मेन डोर के लिए रंगोली डिजाइंस

**दिवाली का त्योहार आते ही लोग तरह-तरह से अपने घर की सजावट शुरू कर देते हैं। वैसे हिंदू धर्म में हर त्योहार पर रंगोली बनाने को बहुत ही शुभ माना गया है।**

वैसे तो घर के आंगन, रसोई के बाहर, पूजा स्थल पर और घर के मेन गेट आदि स्थानों पर रंगोली बनाई जा सकती है, मगर घर के मुख्य द्वार पर बनाई जाने वाली रंगोली हमेशा बहुत ही अर्थपूर्ण और आकर्षक होनी चाहिए, क्योंकि रंगोली का धार्मिक महत्व भी होता है। घर के मुख्य द्वार पर बनने वाली रंगोली की कुछ आसान और खूबसूरत डिजाइंस

## लक्ष्मी जी के चरण वाली रंगोली

लक्ष्मी जी के चरण को बहुत ही शुभ माना जाता है। अमूमन लोग अपने घर में लक्ष्मी जी के चरणों के स्टीकर लगाते हैं। मगर वास्तु शास्त्र में प्लास्टिक को अशुभ माना जाता है और आमतौर पर बाजार में आपको प्लास्टिक के ही स्टीकर मिलेंगे। ऐसे में आप मुख्य द्वार पर लक्ष्मी जी के चरणों की रंगोली बना सकती हैं। यह रंगोली आप रंगोली के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले रंगों से भी बना सकती हैं और ताजे फूलों से भी आप इस तरह की रंगोली बना सकती हैं। अगर आप बहुत ज्यादा मेहनत नहीं करना चाहती हैं, तो बहुत बड़ी रंगोली बनाने की जगह बॉर्डर डिजाइन ही बनाएं। यह कम समय और मेहनत में बन जाएगी।

## कॉर्नर पर बनाएं रंगोली

आजकल ज्यादातर लोग फ्लैट्स में रहते हैं। ऐसे में मेन डोर पर रंगोली बनाने से आने-जाने वालों को दिक्कत हो सकती है। इतना ही नहीं, आपके द्वारा मेहनत से बनाई गई रंगोली खराब भी हो सकती है। ऐसे में आप मेन डोर के कॉर्नर पर रंगोली बना सकती हैं।

इस तरह की रंगोली के लिए आप मंडला आर्ट का चुनाव कर सकती हैं। मगर इसके लिए आपका आर्ट में माहिर होना बहुत जरूरी है। वैसे आपको बाजार में रेडीमेड नेट मिल जाएगा, जिसमें पहले से ही डिजाइन बनी होती है और आपको उसमें रंगोली के रंग भरने होते हैं। अगर आप खुद से ही मंडला आर्ट करके रंगोली बनाना चाहती हैं, तो आपको आटे की मदद से पहले आउटलाइन तैयार कर लेनी चाहिए और फिर रंगोली में रंग भरने चाहिए।

कमल देवी लक्ष्मी को अति प्रिय है। जगत पिता श्री हरि नारायण को भी कमल का फूल अति प्रिय है। वैसे तो घर के प्रवेश द्वार पर एक जल भरे पात्र में आपको खिला हुआ कमल का फूल रखना ही चाहिए। मगर यदि ऐसा संभव न हो तो आप प्रवेश द्वार पर कमल के फूल की डिजाइन वाली रंगोली भी बना सकती हैं। ऐसा कहा जाता है कि द्वार पर कमल का फूल देख कर देवी लक्ष्मी उस स्थान पर वास करने जरूर आती हैं।

## फूल की रंगोली

घर के मुख्य द्वार पर आप फूलों की रंगोली भी बना सकती हैं। इसके लिए आप 2 से 3 तरह के फुल ले सकती हैं। फूलों की रंगोली से घर भी सुगंधित होता है, जिससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश होता है। फूलों की रंगोली बनाने के लिए आपको पहले ही आटे की मदद से आउटलाइन बना लेनी होगी। फिर आप फूलों की पंखुड़ियों से रंगोली को भर सकती हैं।

## दीयों की रंगोली

दिवाली का त्योहार दीपों का त्योहार होता है। इसलिए आप दीयों से भी अपनी रंगोली को सजा सकती हैं। वास्तु शास्त्र के लिहाज से अगर आप चौमुखी दीपक को घर के प्रवेश द्वार पर जलाते हैं, तो चारों दिशाओं से सुख और समृद्धि आती है। ऐसे में आप दीपक की गोलाई में रंगोली बना सकती हैं। आप ऊपर दी गई तस्वीर में दिखाई गई डिजाइन से आइडिया ले सकती हैं।





# दिवाली पर घर के हर कोने को लाइट्स से यूं सजाएं

**दिवाली का त्योहार एक बार फिर से आने वाला है तो आपने अपने घर को सजाने के लिए नई लाइट्स तो खरीद ही ली होंगी। लाइट्स लगाने से घर में रौनक तो नजर आने ही लग जाती है मगर ऐसा तब ही होता है, जब आपने लाइट्स को सही स्थान पर लगाया हो। आज हम आपको बताएंगे कि घर के किस कोने में लाइट्स लगा सकते हैं और कौन सी लाइट घर के किस कॉर्नर के लिए अच्छी रहेगी।**

दीवाली का त्योहार आते ही लोग अपने घर को सजाना-संवारना शुरू कर देते हैं। ज्यादातर लोग इस त्योहार पर लाइट्स से अपने घर को सजाते हैं। जाहिर है, दिवाली का त्योहार एक बार फिर से आने वाला है तो आपने अपने घर को सजाने के लिए नई लाइट्स तो खरीद ही ली होंगी। लाइट्स लगाने से घर में रौनक तो नजर आने ही लग जाती है मगर ऐसा तब ही होता है, जब आपने लाइट्स को सही स्थान पर लगाया हो। बहुत से लोग घर में जहां भी जगह पाते हैं, वहां लाइट्स लगा देते हैं, वहीं कुछ लोगों को तो यह भी नहीं पता होता है कि कौन सी लाइट को कहां और कैसे लगाना चाहिए।

## एलईडी और इलेक्ट्रिक दीया

अगर आप बाजार से डिजाइनर एलईडी और इलेक्ट्रिक दीया खरीद कर लाए हैं, तो उसकी प्लेसमेंट सही जगह करें। जहां एलईडी दीये से आप घर के किसी भी कॉर्नर, टेबल, बालकनी आदि को सजा सकते हैं, वहीं इलेक्ट्रिक दीये आपको मंदिर में रखने चाहिए। हालांकि, वास्तु के हिसाब से इसे सही नहीं माना जाता है, इसलिए इन दीयों के साथ-साथ असल के दीयों से भी मंदिर को सजाएं।

## फॉलिंग एलईडी लाइट्स

अगर आपके घर में गार्डन है और गार्डन में पेड़ पौधे लगे हुए हैं, तो आप फॉलिंग एलईडी लाइट्स को पेड़ में लगा सकते हैं। इससे आपका गार्डन जगमगा जाएगा। आप इस तरह की लाइट्स को बालकनी में भी सजावट के लिए लगा सकती हैं।

## राइस लाइट

घर पर मौजूद सेंटर टेबल को भी आप लाइट-अप कर सकती हैं। इसके लिए आप असली के दीयों के साथ-साथ किसी शीशे की बॉटल के अंदर राइस लाइट भी भर कर रख सकती हैं। इस बात का ध्यान रखें कि राइस लाइट को ऐसे स्थान पर रखें जहां कम रोशनी हो। अधिक रोशनी में इसे रखने से सारा मजा किरकिरा हो जाता है।

## हैंगिंग लाइट्स

हैंगिंग लाइट्स का इस्तेमाल आप किसी भी स्थान पर कर सकती हैं। मगर इस बात का ध्यान रखें कि जब आप हैंगिंग लाइट लगा रही हों तो उसे दीवार से सटा कर न लगाएं। हां, अगर वॉल हैंगिंग लाइट है तो आप ऐसा कर सकती हैं। मगर सीलिंग हैंगिंग लाइट्स की खूबसूरती को निहारने के लिए सही तरह से उसे फिक्स करें।

## एलईडी स्ट्रिप लाइट्स

अगर आपके घर के खिड़की-दरवाजों या फिर फर्नीचर को डेकोरेट करना है तो एलईडी स्ट्रिप लाइट्स का प्रयोग करें। इतना ही नहीं, घर के मंदिर को डेकोरेट करने के लिए भी आप इन लाइट्स का प्रयोग कर सकती हैं। इन लाइट्स को लगाते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि उस स्थान पर फिर और अधिक लाइट्स न लगाएं और इन्हें रनिंग मोड पर रखें, नहीं तो यह बहुत जल्दी खराब भी हो जाती हैं।




# कम समय में बनानी है खूबसूरत रंगोली तो ये 5 हैक्स करेंगे मदद

**दिवाली पर अगर आप भी चाहती हैं कि घर पर खूबसूरत रंगोली बने और समय कम लगे तो किचन के कुछ सामान की मदद से आप परफेक्ट रंगोली बना सकती हैं।**

दीवाली करीब आ गई है और अब घरों में रंगोली बनना शुरू हो गई होगी। कई लोग नवरात्र से शुरू करके दिवाली के बाद तक घरों के आंगन को रंगोली से सजाते हैं। यकीनन घर के बाहर अगर खूबसूरत डिजाइन की रंगोली बनी हो तो देखकर बहुत अच्छा लगता है। पर कई लोगों के साथ ये समस्या होती है कि उन्हें रंगोली की डिजाइन्स समझ नहीं आती और उन्हें इसे बनाने में बहुत समय लग जाता है। ऐसे में क्यों न हम कुछ ऐसे हैक्स का इस्तेमाल करें जिससे जल्दी से जल्दी रंगोली बन जाए। आज हम आपको कुछ ऐसे ही हैक्स बताने जा रहे हैं जो घर के सामान की मदद से ही अच्छी रंगोली बनाने में आपकी मदद कर सकते हैं। चम्मच, इयरबड, कंघी की मदद से आप खूबसूरत रंगोली डिजाइन्स बना सकते हैं। ये सभी बहुत आसानी से बनने वाले हैं और आपको इसमें समय बहुत कम लगेगा। तो चलिए जानते हैं कौन से हैं वो हैक्स

## छलनी की मदद लें

आजकल ऐसी रंगोली का चलन बहुत ज्यादा है जहां अलग-अलग रंगों से बेस बनाया जाता है और उसके बाद सेंटर में सफेद या ऐसे ही लाइट रंगों से अलग-अलग तरह के डिजाइन्स बनाए जाते हैं। आप आप आटा छानने वाली छलनी में कलर डालकर एक गोलाकार सेंटर बना सकते हैं। इसके बाद चाय वाली छलनी में रंगों को भरकर उसी गोले के आस-पास कई रंगों के सर्कल बना सकते हैं। डिजाइन आप जो चाहें चुन लें छलनी की मदद से उसे बहुत आसानी से बना सकते हैं। इस तरह की रंगोली में कलर कॉम्बिनेशन का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। अगर आपने सही कलर कॉम्बिनेशन नहीं रखा तो ये भी हो सकता है कि रंगोली बने तो परफेक्ट लेकिन खराब रंगों की वजह से खिली हुई सी न दिखे।

## इयरबड की मदद से बनाएं खूबसूरत रंगोली

दिवाली की खूबसूरत रंगोली बनाने के लिए आप इयरबड्स की मदद भी ले सकते हैं। इनसे बहुत अच्छे डिजाइन्स बनाए जा सकते हैं। आपको करना बस ये है कि जिस तरह का डिजाइन भी आपने दिमाग में रखा है उसके हिसाब से रंग चुनने हैं। तस्वीर में जो रंगोली दिखाई गई है उसमें बेस व्हाइट रंग डालने के बाद अलग-अलग रंगों से बड़े डॉट्स फ्लोर पर बनाए गए थे। इसके बाद इयरबड की मदद से इन्हें पत्तियों वाला डिजाइन दिया गया है। आप भी इयरबड की मदद से खूबसूरत रंगोली की डिजाइन बना सकते हैं। बस ध्यान ये देना है कि जो डॉट्स आप बनाएं वो एक ही साइज के हों। इसके लिए आप किसी पतले नॉजल वाली बॉटल या रंगोली वाले कोन्स का इस्तेमाल कर सकती हैं।

## चम्मच की मदद से बनाएं

जिस तरह हम इयरबड्स का इस्तेमाल कर रंगोली बना सकते हैं उसी तरह चम्मच का इस्तेमाल कर रंगोली भी बनाई जा सकती है। इसके लिए आपको उसी तरह के डॉट्स फ्लोर पर बनाने होंगे जैसे हमने इयरबड्स के समय बनाए थे और साथ ही चम्मच की मदद से उसे शेप देना होगा। आप परफेक्ट राउंड शेप के लिए किसी स्टील की प्लेट का इस्तेमाल भी कर सकते हैं और उसके इर्द-गिर्द उस तरह के डॉट्स बना सकते हैं जैसे तस्वीर में दिखाए गए हैं। ये ट्रिक फूलों वाली रंगोली बनाने के लिए काफी मददगार साबित हो सकती है।

## चॉक की मदद से बनाएं रंगोली

आप रंगोली बनाने से पहले चॉक की मदद से उसकी डिजाइन पहले फ्लोर पर बना लें। ऐसा करने से आपको समय कम लगेगा और रंगोली के बिगड़ने की गुंजाइश भी कम हो जाएगी। आप चाहें तो गेहूं वाली छलनी (बड़े छेद वाली छलनी) की मदद से डॉट्स फ्लोर पर बनाकर डॉट्स वाली रंगोली भी बना सकती हैं। इन छोटे साइज के डॉट्स को कनेक्ट कर आप कई अच्छी डिजाइन्स तैयार कर सकती हैं।

## फोर्क या कंघी का करें इस्तेमाल

अगर आपको किसी डिजाइन में बारीक लाइन्स चाहिए तो आप फोर्क या कंघी या फिर टूथपिक का इस्तेमाल कर सकती हैं। पहले बेस रंग फ्लोर पर डालें और उसके बाद टूथपिक, फोर्क या कंघी की मदद से उसपर मनचाहा डिजाइन बनाएं। इस तरह की रंगोली टाइल्स पर ज्यादा अच्छी तरह से बनती है।



# ज्यादा दिनों तक चलने के साथ वेट कंट्रोल करेगी गुलाब नारियल बर्फी

गुलाब नारियल बर्फी एक ऐसी मिठाई है, जिसे आप कई दिनों तक रख सकते हैं। साथ ही नारियल होने की वजह से इसमें ज्यादा चीनी का इस्तेमाल भी नहीं करना पड़ता। इस वजह से इसे खाने से वेट भी नहीं बढ़ता। वहीं अगर आप चीनी खाना पूरी तरह छोड़ चुके हैं, तो आप चीनी की जगह गुड़ का इस्तेमाल करके भी गुलाब नारियल बर्फी बना सकते हैं। फेस्टिव सीजन खासकर दिवाली के लिए आप यह मिठाई बना सकते हैं।

## गुलाब नारियल बर्फी बनाने की सामग्री

- 1 कप मावा
- 2 कप नारियल पाउडर
- 3/4 कप चीनी बूरा
- 2-4 बूंद रोज एसेंस
- 1 टीस्पून इलायची पाउडर
- 1/4 टीस्पून रेड फूड कलर
- 2 टेबलस्पून पिस्ता कटे हुए
- 2 टेबलस्पून नारियल पाउडर

## गुलाब नारियल बर्फी बनाने की विधि

सबसे पहले एक बर्तन में नारियल पाउडर, गुलाब एसेंस, इलायची पाउडर और चीनी बूरा डालकर मिक्स कर 20 मिनट के लिए ढककर रख दें। तय समय के बाद मीडियम आंच पर पैन रख दें। इसमें मावा, नारियल पाउडर वाला मिश्रण और चीनी डालकर इसके घुलने तक पकाएं। जब मिश्रण पैन छोड़ने लगे तब गैस बंद कर इसे प्लेट पर निकाल लें। मिश्रण को दो भागों में बांट लें। एक भाग में रेड फूड कलर मिलाएं। अब ट्रे पर घी लगाकर चिकना कर लें। पहले सादा मिश्रण डालें फिर ऊपर से कलर वाला मिश्रण डालकर सेट करें। इस पर नारियल पाउडर छिड़ककर कटे हुए पिस्ता डाल दें। ट्रे को फ्रिज में 1 घंटे तक सेट होने के लिए रख दें। तय समय के बाद फ्रिज से ट्रे निकाल लें। तैयार है गुलाब नारियल बर्फी। मनचाहे पीस में काटकर सर्व करें।

# इस बार त्योहार पर बनाएं खाजा मिठाई

**अगर आप त्योहार के मौके पर स्वीट्स में कुछ डिफरेंट बनाने की सोच रही हैं, तो आप आंध्र प्रदेश की यह फेमस रेसिपी ट्राई कर सकती हैं।**

भारत अपनी परंपराओं और स्वादिष्ट व्यंजनों के लिए जाना जाता है। हर राज्य की अपनी अलग संस्कृति और खान-पान है। यहां हर उत्सव को खास तरीके से मनाया जाता है, कई पारंपरिक व्यंजन भी बनाए जाते हैं। अब दीपावली का त्योहार भी आने वाला है। त्योहार के मौके पर सभी के घरों में मिठाइयां बनने लगती हैं। ज्यादातर घरों में महिलाएं लड्डू बनाना पसंद करती हैं। लेकिन अगर आप इस बार त्योहार के मौके पर स्वीट्स में कुछ डिफरेंट बनाने की सोच रही हैं, तो आप आंध्र प्रदेश की फेमस मिठाई खाजा की यह रेसिपी ट्राई कर सकती हैं।

आपको बता दें कि यह आंध्र प्रदेश की एक पारंपरिक डिश है, जिसे मैदा और शुगर सिरप में डीप करके तैयार किया जाता है। इसे लोग खास त्योहार के मौके पर बनाना पसंद करते हैं। हालांकि, इसे कई नामों से पुकारा जाता है जैसे आंध्र चिरोटी, खाजा आदि। साथ ही, यह डिजर्ट बिहार में भी काफी लोकप्रिय है और बहुत से लोग इसे बिहारी खाजा के नाम से भी जानते हैं। आप इसे बहुत ही आसानी से बना सकती हैं, कैसे? आइए जानते हैं.

## बनाने की विधि

खाजा मिठाई बनाने के लिए सबसे पहले एक बाउल में मैदा छान लें और फिर इसमें सभी सामग्रियों जैसे बेकिंग पाउडर, घी आदि डालें और अच्छी तरह से मिक्स कर लें।

अब आप आटे में पानी डालें और उसे अच्छी तरह से गूंथ लें। फिर 20 मिनट के लिए अलग रख दें।

जब आटा अच्छी तरह से सेट हो जाए, तो आटे को रोल करें और आटे की बराबर मात्रा में लोइयां बना लें।

अब सारी लोइयों को रोटी की तरह पतला-पतला बेल लें और साइड में बेल कर रख लें।

अब आपको खाजा बनाना है, इसके लिए आप एक प्लेट में रोटी रखें और उसके ऊपर मैदा, घी लगा लें। ताकि आटे (रोटी) की लेयर आपस में चिपके नहीं।

फिर उसके ऊपर दूसरी रोटी रखें और इसी तरह आप सारी बेली हुई रोटियों की परत बना लें।

अब इन रोटियों को फोल्ड करके एक रोल बना लें। फिर रोल को साइड से पतला-पतला (ज्यादा नहीं) खाजा के शेप में काट लें।

अब धीमी आंच पर कढ़ाही में तेल गर्म कर लें। जब तेल गर्म हो जाए, तो खाजा को डीप फ्राई कर लें।

अब आपको चाशनी बनानी है, इसके लिए आप एक बर्तन में चीनी और पानी डालें और चाशनी तैयार कर लें।

अब तले हुए खाजा को एक एक करके चाशनी में डाल दें और कुछ देर इसे ही छोड़ दें। फिर कुछ देर बाद चाशनी से खाजा निकल लें और अपने मेहमानों को सर्व करें।



स्वामी मुद्रक, प्रकाशक सम्पादक कृष्णा टेकड़ीवाल द्वारा डिजिटल अखबार कंकड़बाग पटना से प्रकाशित। समाचार पत्र में किसी भी समाचार व लेख-आलेख पर सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी वाद-विवाद के लिए न्याय क्षेत्र पटना ही रहेगा। मोबाइल- 9801716267